आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650


इंदौर, गुरुवार 15 जनवरी 2026

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 69
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत



राष्ट्रपिता को नमन...

## अंदर के पन्नों पर...

चाइनीज मांझे का कहर गले में लगे 8 टांके



पेज-2

सपनों को किसी भी सीमा में बांधना गलत-अदा शर्मा



पेज-5

लाशों पर राजनीति करोगे तो इंदौर बर्दाश्त नहीं करेगा



पेज-6

# राहुल गांधी के दौरे से फिर गरमाएगी इंदौर में सियासत

## शनिवार को आएंगे और मृतकों के परिजनों से मिलेंगे

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के 17 जनवरी को इंदौर आगमन को लेकर शहर की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। राहुल गांधी इस दौरान भागीरथपुरा क्षेत्र में हालिया घटनाओं के पीड़ितों से मुलाकात करेंगे। उनके इस दौरे को आगामी राजनीतिक रणनीति और जनभावनाओं से जोड़कर देखा जा रहा है।

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि राहुल गांधी का यह दौरा केवल संवेदनाएं व्यक्त करने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसके माध्यम से सरकार की नीतियों और प्रशासनिक कार्यप्रणाली को भी कटघरे में खड़ा किया जाएगा। पार्टी ने इसे 'न्याय और संवाद' की पहल बताया है। वहीं दूसरी ओर, सत्तारूढ़ दल ने राहुल गांधी के दौरे को राजनीतिक स्टंट करार दिया है। भाजपा नेताओं का कहना है कि कांग्रेस चुनावी जमीन मजबूत करने के उद्देश्य से इस तरह के कार्यक्रम कर रही है और जनता अब इन हथकंडों को समझ चुकी है। राहुल गांधी के दौरे को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।



भागीरथपुरा और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहेगा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में इस कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में समर्थकों के जुटने की संभावना है।

गौरतलब है कि पिछले दिनों कांग्रेस ने यहां पर न्याय यात्रा भी निकाली थी। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने तय किया है कि शनिवार को राहुल गांधी इंदौर आएंगे। वे यहां भागीरथपुरा जाएंगे। उनका अधिकृत कार्यक्रम एक दो दिनों में आ जाएगा। संभावना है कि वे नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक भी करेंगे। गौरतलब है कि इंदौर में दूषित पानी के कारण अब तक 23 लोगों की मौत हो चुकी है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि राहुल गांधी का यह दौरा इंदौर की शहरी राजनीति में नए समीकरण पैदा कर सकता है। खासकर ऐसे समय में जब प्रदेश में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो रही हैं, यह दौरा दोनों प्रमुख दलों के लिए सियासी संदेश देने का माध्यम बनेगा। अब सबकी निगाहें शनिवार पर टिकी हैं कि राहुल गांधी पीड़ितों से मुलाकात के बाद क्या बयान देते हैं और उसका शहर की राजनीति पर क्या असर पड़ता है।

# 43 लाख मतदाता, भाजपा संगठन ने संभाली कमान

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश में मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण का दूसरा चरण चल रहा है। नाम जोडने-हटाने के लिए दावा-आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं, जिनका निराकरण करके 21 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। ऐसे में भाजपा ने मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए ताकत झोंक दी है। गौरतलब है कि एसआईआर में करीब 43 लाख मतदाता मृत, अनुस्थित या स्थायी रूप से स्थानांतरित मिले हैं। इनके नाम सूची से हटाकर प्रारूप प्रकाशन किया गया। साथ ही लगभग साढ़े आठ लाख मतदाता ऐसे थे, जिन्होंने ठीक से गणना पत्रक नहीं भरा। इन्हें अनमैप्ड की श्रेणी में रखकर नोटिस दिए गए। साथ ही एक श्रेणी तार्किक त्रुटि बनाई गई है। इसमें ऐसे मतदाता शामिल हैं, जिन्होंने गणना पत्रक में स्वयं या पिता का नाम, आयु सहित अन्य जानकारियां त्रुटिपूर्ण भरी हैं।

दरअसल, मप्र में 43 लाख वोटर सिरदर्द बन गए हैं। सदैव चुनावी मोड में रहने वाली भाजपा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के काम को भी सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखा हुआ है। आने वाले चुनावों में भाजपा एसआईआर का पूरा लाभ लेने की तैयारी में है, इसलिए 22 जनवरी तक इसके दूसरे चरण में भाजपा ने पूरी ताकत लगा दी है। पार्टी ने इस दौरान बूथ स्तर तक नव मतदाताओं का नाम जुड़वाने के लिए संगठन को सक्रिय किया है। भाजपा ने अगले 10 दिन हर बूथ से नए मतदाता बनाने का लक्ष्य रखा है। संगठन इस अभियान को लेकर खासा सक्रिय है। संगठन के साथ सभी सांसद- विधायक भी एसआईआर के काम में मोर्चा संभालेंगे। पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा गया है कि यदि किसी मतदाता के नाम पर संशय हो तो वे आपत्तियां प्रस्तुत करें।



### भाजपा का नए वोटर पर फोकस

प्रदेश में मतदाता सूची के शुद्धीकरण के लिए एसआईआर का दूसरा चरण चल रहा है। नाम जोड़ने -हटाने के लिए दावा-आपत्तियां प्राप्त किए जा रहे हैं, इनका निराकरण करके 21 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। प्रदेश में एसआईआर के तहत जारी ड्राफ्ट लिस्ट में 42 लाख 47 हजार वोटर कम होने के बाद भाजपा अब नए मतदाताओं का नाम जुड़वाने के अभियान में लगी है। लगभग इतने ही नए मतदाता जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। सांसद-विधायकों के अलावा सभी मंत्रियों को भी नए मतदाता जुड़वाने की जिम्मेदारी दी गई है। मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों को अपने प्रभार वाले जिलों में मोर्चे पर जमे रहने को कहा गया है। वरिष्ठ मंत्री राकेश सिंह को इसमें प्रशासनिक समन्वय का काम दिया गया है। भाजपा का यह भी मानना है कि सूची में अपात्र लोगों को पात्र बनने की प्रक्रिया से भी अवगत कराना सरकार की जिम्मेदारी है।

## न्यूज ब्रीफ

- दिल्ली में बढ़ी ठिठुरन, 2.9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंचा मिनिमम टेंपरेचर
- कलकत्ता हाईकोर्ट को मिला नया चीफ जस्टिस, जस्टिस सुजॉय पाल ने संभाली जिम्मेदारी
- ग्रीनलैंड में डेनमार्क की सैन्य मौजूदगी बढ़ी, रॉयल एयर फोर्स का विमान जवानों को लेकर पहुंचा
- तेहरान से दुनिया को संदेश, ईरानी पत्रकार बोले- हर मोड़ पर हथियारबंद फौज, बाहर निकले तो गोलियां चलती हैं
- मकर संक्रांति पर प्रयागराज संगम में आस्था का महासैलाब, 15 लाख श्रद्धालुओं ने किया स्नान
- वेनेजुएला संकट पर अमेरिका का नया दांव, ट्रंप आज मारिया कोरिना मचाडो से लंच मीटिंग करेंगे
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सेना दिवस पर जवानों और उनके परिवारों को दी शुभकामनाएं
- दिल्ली में देर रात एनकाउंटर, लॉरेंस बिश्नोई गैंग के दो शार्पशूटर गिरफ्तार, एक बदमाश गोली लगने से घायल
- महाराष्ट्र : बीएमसी चुनाव के लिए मतदान शुरू

# डीएवीवी में पीएचडी को लेकर छात्रों में निराशा



इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में सैकड़ों पीएचडी के इच्छुक छात्रों के लिए इस प्रवेश सत्र ने भ्रम और निराशा का माहौल बना दिया है। योग्य छात्रों को उनके चुने हुए विषयों में सीटें नहीं मिल रही हैं, जबकि अन्य विषयों में बड़ी संख्या में सीटें खाली हैं।

राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने और इतिहास और राजनीति विज्ञान में पीएचडी के लिए आवेदन करने वाले छात्र अब निराशा के घेरे में हैं। इतिहास में 135 और राजनीति विज्ञान में 123 पंजीकृत उम्मीदवार हैं, फिर भी इस वर्ष दोनों विषयों में से किसी में भी पीएचडी की एक भी सीट उपलब्ध नहीं है। शारीरिक शिक्षा, योग, नृत्य और कई भाषा विषयों में भी आवेदकों को इसी तरह की निराशा का सामना करना पड़ रहा है, जहां शून्य प्रवेश के बावजूद आवेदन स्वीकार किए गए हैं। एक राजनीतिक विज्ञान के आवेदक ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, हममें से कई लोगों के लिए इसका मतलब है एक और साल इंतजार करना या विषय ही बदल देना। नेट परीक्षा पास करना मुश्किल है, और उसके बाद तो सीटें ही नहीं बचतीं। वहीं दूसरी ओर, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के छात्रों को एक अलग समस्या का सामना करना पड़ रहा है। प्रबंधन में 306 सीटों के मुकाबले केवल 53 योग्य उम्मीदवार ही उपलब्ध हैं, जिससे 253 सीटें खाली रहने की संभावना है। वाणिज्य और रसायन विज्ञान में भी यही स्थिति है, जहां नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले आवेदकों की तुलना में सीटें कहीं अधिक हैं। शिक्षाविदों का कहना है कि इन विषयों में रुचि रखने वाले कई उम्मीदवार नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने में असफल हो जाते हैं, जिससे शोध में उनकी प्रबल रुचि होने के बावजूद वे अपात्र हो जाते हैं।

# हिजाब वाली पीएम के बयान पर आईएएस नियाज खान आए खुलकर

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** ● भारत में हिजाब वाली पीएम पर बहस एक नए मोड़ पर पहुंच गई है। इस बार एमपी कैडर के आईएएस अधिकारी नियाज खान ने असदुद्दीन ओवैसी के बयान का समर्थन किया है। ओवैसी ने कहा था कि भारत में हिजाब वाली मुस्लिम प्रधानमंत्री बन सकती है। इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हुई।

अब इस पर मध्य प्रदेश में भी बहस तेज हो गई है। नियाज खान ने सवाल उठाया कि भारत एक सेकुलर देश है, ऐसे में हिजाब वाली प्रधानमंत्री क्यों नहीं बन सकती। आईएएस नियाज खान ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर ओवैसी के बयान का समर्थन करते हुए लिखा कि भारत हमेशा देशभक्त और काबिल मुस्लिमों को सम्मान देता आया है। उन्होंने उदाहरण के तौर पर पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम का नाम लिया। उनका कहना था, भारत ने हमेशा मुस्लिमों के प्रति सहिष्णुता दिखाई है।

गौरतलब है कि एआईएमआईएम के प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने हिजाब वाली प्रधानमंत्री की बात की। उनका यह बयान असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के बयान से जुड़ा था। ओवैसी ने कहा, यदि पाकिस्तान में एक समुदाय का व्यक्ति प्रधानमंत्री बन सकता है, तो भारत में क्यों नहीं? इसके बाद ओवैसी ने कहा कि मेरा ख्वाब है कि एक दिन ऐसा आएगा। उस दिन हिजाब पहनने वाली एक बेटी प्रधानमंत्री बनेगी।

### भारत का पीएम हमेशा एक हिंदू होगा- सीएम हिमंत

असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने ओवैसी के बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि संविधान के मुताबिक कोई भी प्रधानमंत्री बन सकता है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है। भारत की सभ्यता हिंदू पर आधारित है। इसलिए उन्हें पूरा भरोसा है कि भारत का पीएम हमेशा एक हिंदू होगा। इसके बाद ओवैसी ने हिमंत बिस्वा सरमा के बयान पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि सरमा संविधान को सही से नहीं समझते और देश की विविधता को नहीं पहचानते हैं।

# सनातनी महापौर की थी स्लाटर हाऊस में दिलचस्पी!



इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**भोपाल** ● राजधानी भोपाल में निगम में स्लॉटर हाउस में 26 टन गोमांस मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। पूर्व महापौर आलोक शर्मा और कृष्णा गौर स्लॉटर हाउस खुलने के पक्ष में नहीं थे। उन्होंने इस पर रोक भी लगाई थी। लेकिन वर्तमान महापौर मालती राय ने स्लॉटर हाउस में रुचि दिखाई थी।

स्लॉटर हाउस के निर्माण के लिए 2 बार समय भी बढ़ाया गया था। मालती राय के नेतृत्व में स्लॉटर हाउस संचालन की अनुमति दी गई। नगर निगम ने स्लॉटर हाउस के साथ 20 साल का एग्रीमेंट किया था। मामला उजागर होने पर महापौर मालती राय की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। स्लॉटर हॉउस की अनुमति को लेकर पूर्व निगम आयुक्त वीके कोशलानी की भूमिका भी रही थी। उनके साथ-साथ अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग, कार्यपालन यंत्री आरके त्रिवेदी की भी भूमिका रही। यह स्लॉटर हाउस करीब 100 करोड़ रुपये की सरकारी जमीन पर 33 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया था। आरोप है कि यहां केवल भैंसों की कटाई की अनुमति थी, लेकिन गोमांस की सप्लाई के जरिए बड़े पैमाने पर गोकशी का नेटवर्क चल रहा था। विपक्षी दल कांग्रेस ने इसे भाजपा शासित नगर निगम और सरकार की मिलीभगत करार दिया है, जबकि मंत्री विश्वास सारंग ने कहा है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। नगर निगम परिषद की बैठक में भी इस मुद्दे पर जमकर हंगामा हुआ। महापौर मालती राय और निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिया है।

## ज्योतिष | एआई आने वाले समय में एक फिल्टर के रूप में काम करेगा

# एआई ज्योतिष का ऐसा क्रेज भविष्य पूछने सहारा ले रहे इसका

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● नववर्ष के दो सप्ताह बाद भी शहर के बाजारों में कैलेंडर व पंचांग की बिक्री जारी है। इस वर्ष शहर के बाजार में उपलब्ध कैलेंडरों में कालचक्र कैलेंडर, पंचांग आधारित विक्रम संवत तिथि वाले कैलेंडर सबसे अधिक पसंद किए जा रहे हैं। इन कैलेंडरों में चौघड़िया, ग्रह-नक्षत्र, शुभ-अशुभ मुहूर्त, तीज-त्योहारों की तिथियां, सूर्य-चंद्र ग्रहण व वर्षभर के अवकाशों का विस्तृत उल्लेख उपलब्ध है। बाजार में अलग-अलग श्रेणियों में कैलेंडरों की उपलब्धता ग्राहकों को विकल्प प्रदान कर रही है। पारंपरिक पंचांग को लोग शुभ मुहूर्त, पर्व-त्योहार, पंचांग और मासिक ग्रह स्थिति जानने के लिए महत्वपूर्ण मानते हैं। वहीं टेक्नोलॉजी के इस दौर में





भविष्यवाणी करने वाले अकेले पंडित ही नहीं, बल्कि एआई, चैटजीपीटी सहित अन्य मोबाइल एप्प भी जुड़ गए हैं। कुंडली बताओ या संबंधित प्रॉम्प्ट टाइप करते हो चैटजीपीटी, जेमिनी और कई एप्प पलक झपकते ही जन्मपत्री, दशा और ग्रह स्थिति का विश्लेषण कर देते हैं। शहर के युवाओं में एआई ज्योतिष का ऐसा क्रेज है कि भविष्य पूछने के लिए इनका सहारा ले रहे हैं।

**ज्योतिषी ही कर सकता है भविष्यवाणी :** विशेषज्ञों के अनुसार एआई कभी अनुभवी ज्योतिषी का स्थान नहीं ले सकता, क्योंकि ज्योतिष में मानवीय अंतर्ज्ञान, अनुभव, कर्मों की समझ और आध्यात्मिक गहराई की आवश्यकता होती है, जो एआई में नहीं है। एआई एक सहायक उपकरण है, जो डेटा आधारित विश्लेषण दे सकता है, पर अंतिम निर्णय और व्यक्तिगत मार्गदर्शन के लिए मानवीय समझ जरूरी है। हालांकि एआई संभावना बताता है, ज्योतिष भविष्यवाणी नहीं, बल्कि आत्म-चिंतन और आत्म-शुद्धि का एक माध्यम है। जीवन के गूढ़ रहस्यों और व्यक्तिगत मार्गदर्शन के लिए अनुभवी और ज्ञानी ज्योतिषी की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रहेगी।

विशेषज्ञों के अनुसार एआई और ज्योतिष दोनों के द्वारा व्यक्ति जानकारी ले रहे हैं। एआई आने वाले समय में एक फिल्टर के रूप में काम करेगा। समय के साथ-साथ निश्चित रूप से ज्योतिष जगत में योगदान देगा। फिर भी ज्योतिषी के पास लोग इसलिए, आ रहे हैं, क्योंकि उनका विश्वास वैदिक ज्योतिष शास्त्र पर की गई गणना पर ही टिका है। एआई, चैटजीपीटी और अन्य एप्प द्वारा जो भविष्यवाणी की जाती है, वह कई बार सटीक नहीं हो सकती।

### भाग्य और बुद्धि का बन पाएगा असली संतुलन

विशेषज्ञों के अनुसार भविष्य बताने वाले एप्प व वेबसाइट हर समय उपलब्ध रहती हैं, जिसके चलते आज के नागरिक को ये अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। यह तेज, मुफ्त और हर समय उपलब्ध है। कई लोगों के लिए यह पंडितों के चक्कर से आसान है। आने वाले वर्षों में मानव व एआई ज्योतिष का नया युग आएगा, जहां गणना मशीन करेगी और अर्थ मानव लगाएगा, तभी भाग्य और बुद्धि का असली संतुलन बन पाएगा।

# कल रात को फिर हुआ तेजाजी नगर में गंभीर हादसा

इंदौर संकेत प्रतिनिधि

**इंदौर** ● तेजाजी नगर क्षेत्र में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात करीब 3 बजे एक सड़क हादसा हो गया। यहां राजस्थान के लोगों से भरी एक बोलेरो कंट्रोल खोकर डिवाइडर से जा टकराई, जिससे 11 लोग घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सभी घायलों को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि बाइक सवार को बचाने में यह हादसा हुआ।

तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक यह घटना ब्रिज के पास हुई। देर रात राजस्थान से आ रही बोलेरो तेज रफ्तार में थी और अचानक नियंत्रण खोकर डिवाइडर से जा टकराई। इस हादसे में तेजसिंह पुत्र थारवा निवासी ग्राम



मुन्ना डोगर, बांसवाड़ा, धर्मेंद्र पुत्र वालसिंह, सबूर पुत्र जितरा, मनसुख पुत्र हार्डिया, मानसिंह पुत्र जितरा, लालू पुत्र गजिया, पिंटू पुत्र मांगीलाल, कालू सिंह डोगर और सादिया घायल हो गए। सभी का एमवाय अस्पताल में उपचार चल रहा है। घायल मानसिंह ने बताया कि सभी लोग राजस्थान के निवासी हैं और खेती-किसानी से जुड़े हुए हैं। रात में रास्ते में एक ढाबे पर रुककर सभी ने खाना खाया, इसके बाद राजस्थान के लिए रवाना हुए थे।

न्यूज ब्रीफ

## निर्लेश तिवारी पुरस्कृत



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर कर्मवीर स्वामी विवेकानंद ट्रस्ट एवं इन्दौर सेवा ट्रस्ट मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित प्रदेशस्तरीय विवेकानंद गौरव अलंकरण सम्मान समारोह में निर्लेश तिवारी को साहित्य एवं सामाजिक सरोकार के लिए प्रतिष्ठित विवेकानंद गौरव अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा डा .योगेंद्र महंत, कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त बाबूलाल बंजारा, ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रकाश मानावत , अनंत महंत शिक्षाविद् व हास्य कवि डा. राजीव शर्मा अभ्यास मंडल की माला ठाकुर आदी विशेष रूप से मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य ,साहित्य ,समाज सेवा के साथ मनाया जाएगा स्थापना महोत्सव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● गजासीन शनि धाम का पंद्रहवां स्थापना महोत्सव आज यानी 15, 16 एवं 17 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है, जिसमें आज विभिन्न तेल से शनि देव का अभिषेक,251 ध्वजा का पूजन कर शुभारंभ होगा ,16 जनवरी को सुबह शनि शांति यज्ञ प्रात: 8 से 12 तक रहेगा, संध्या 7 से पालकी यात्रा प्रति वर्ष अनुसार निकाली जाएगी, रात्रि 9 से साहित्य, कवियों का सम्मान और काव्य पाठ रहेगा। दादू महाराज जन्मोत्सव पर आयोजन निरस्त, शहर में हुई दुखद घटना के कारण इस वर्ष 17 जनवरी जन्मोत्सव पर गीत संगीत ,नृत्य के कार्यक्रम निरस्त कर दिए हैं साथ ही शिष्यों से अपील की गई है कि इस वर्ष पुष्प माला, बुके,शॉल,श्रीफल ,ढोल, बैंड आदि भी लेकर नहीं आने , फ्लैक्स,बैनर नहीं लगाने की अपील की गई है। 17 जनवरी सुबह 8 से 12 शनि यज्ञ,1 बजे पूर्णाहुति ,आरती और संत समागम रहेगा। संध्या 7 से अन्नकूट प्रसादी का लाभ भक्त,शिष्य ले सकेंगे।

## समारोह में वीर माताओं-वयोवृद्ध पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जयरामपुर कॉलोनी में वेटरंस दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर जिले की वीर माताओं, द्वितीय विश्व युद्ध के सैनिकों की विधवाओं एवं वयोवृद्ध पूर्व सैनिकों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में कई वरिष्ठ अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी भाग लिया। समारोह में अतिथियों द्वारा सशस्त्र सेना वेटेरन्स दिवस के बारे विस्तृत जानकारी दी एवं इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर नगेश चंद्र मालवीय ने बताया कि यह दिवस प्रथम कमांडर इन चीफ, फील्ड मार्शल के. एम. करिअप्पा के सम्मान एवं उनकी यादगार सेवाओं की याद में मनाया जाता है।

## सर्द हवा से ठिठुरन, मावठा गिरने के आसार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश में सर्द हवा से ठिठुरन बढ़ गई है। इससे कई शहरों में रात के पारे में गिरावट हुई है। शहडोल और कटनी में पारा 5 डिग्री से नीचे है, जबकि ग्वालियर-भोपाल की रातें भी सर्द है। मौसम विभाग की माने तो 16 जनवरी से हिमालयी क्षेत्र में एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। इसके असर से 3-4 दिन बाद एमपी में मावठा यानी, बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, वर्तमान में पश्चिमी हिस्से के पास से एक ट्रफ गुजर रही है, लेकिन इसका असर प्रदेश में नहीं है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस को स्ट्रॉन्ग बताया जा रहा है इसलिए कई जिलों में बारिश या बादल की स्थिति बनने के आसार है।

# चाइनीज मांझे का कहर : किसी के गले में 8 टांके तो किसी का चेहरा कटा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ●इंदौर शहर में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में महज कुछ ही घंटों के भीतर चार लोग इस जानलेवा डोर की चपेट में आ गए। इन हादसों में घायल हुए लोगों को गंभीर अवस्था में अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां किसी के गले पर गहरे घाव आए हैं तो किसी का चेहरा बुरी तरह कट गया है।

**भंवरकुआं क्षेत्र में बाइक सवार युवक का गला कटा-** पहली हृदयविदारक घटना भंवरकुआं थाना क्षेत्र के अंतर्गत तीन इमली इलाके में घटित हुई।







यहां चांदमारी ईंट भट्टा निवासी हेमराज पिता रविंद्र चौरसिया अपनी बाइक से मांगलिया स्थित अपने रिश्तेदारों के घर जा रहे थे। हेमराज एक पेट्रोल पंप पर कार्यरत हैं और ड्यूटी खत्म कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान अचानक उनके गले में पतंग की डोर फंस गई। मांझा इतना धारदार था कि पलक झपकते ही उनका गला कट गया और सड़क पर खून का फव्वारा फूट पड़ा। वहां मौजूद राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तुरंत नजदीकी निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।

**परदेशीपुरा और जूनी इंदौर में भी हुए हादसे**-चाइनीज मांझे से जुड़ा दूसरा हादसा परदेशीपुरा क्षेत्र में सामने आया। नंदानगर के रहने वाले महेश सोनी जब अपने काम से जा रहे थे, तभी वे मांझे की चपेट में आ गए। उनके गले में गंभीर चोट आई है और उन्हें भी इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया है। इसके अलावा तीसरी घटना जूनी इंदौर ब्रिज पर हुई। तिल्लौर निवासी प्रेम भंडारी, जो दूध वितरण का कार्य करते हैं, अपनी बाइक से जा रहे थे तभी अचानक उनके सामने डोर आ गई। खुद को बचाने की कोशिश में प्रेम के गले के पास गहरा घाव हो गया। डॉक्टरों के मुताबिक उनके घाव पर 8 टांके लगाने पड़े हैं।

### पतंग खरीदने जा रहे किशोर का चेहरा हुआ क्षत-विक्षत

चौथी घटना रामानंद नगर इलाके की है, जहां माधव पिता घनश्याम वसुनिया नामक युवक हादसे का शिकार हुआ। माधव स्वयं पतंग खरीदने के लिए बाजार जा रहा था, तभी सामने से आ रही चाइनीज डोर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। उसने बचने का प्रयास किया लेकिन डोर उसके चेहरे पर लग गई, जिससे उसकी दाढ़ी वाला हिस्सा बुरी तरह कट गया। घायल को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे करीब 10 टांके आए। प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उसे बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल ले गए।

### मकर संक्रांति पर शुभ सिटी परिवार की सेवा भावना

# 200 महिलाओं को कंबल व तिल-गुड़ के लड्डू वितरित



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मकर संक्रांति के पावन पर्व पर शुभ सिटी परिवार द्वारा जरूरतमंद महिलाओं के लिए सेवा और संवेदनशीलता से भरा आयोजन किया गया। इस अवसर पर ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से करीब 200 महिलाओं को कंबल वितरित किए गए, वहीं पर्व की परंपरा के अनुरूप तिल-गुड़ के लड्डू भी भेंट स्वरूप दिए गए।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दिनेश मल्हार, बसंत पारगी, मनोज नगवाड़िया, दिलीप नरेड़ी, प्रकाश मित्तल ,सोहन पटेल , वाय डी शर्मा उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने स्वयं कंबल एवं लड्डू वितरित कर जरूरतमंदों से संवाद किया और मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि मकर संक्रांति केवल पर्व नहीं, बल्कि सेवा, दान और सामाजिक समरसता का संदेश देती है। शुभ सिटी परिवार समय-समय पर ऐसे सेवा कार्यों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने का प्रयास करता रहा है।

### अब 20 तक कर सकेंगे आवेदन

# अब 90 मिनट में हल करना रहेंगे 75 प्रश्न

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● देवी अहिल्या विश्वविद्यालय सहित देशभर के अन्य तमाम विश्वविद्यालय में पीजी में एडमिशन सीयूईटी पीजी-2026 के माध्यम से दिया जाएगा। एनटीए की ओर से होने वाली प्रवेश परीक्षा सीयूईटी पीजी की रजिस्ट्रेशन की तारीख को बुधवार को बढ़ाया गया। एनटीए की ओर से पहले रजिस्ट्रेशन के लिए 14 जनवरी तक का समय दिया गया था, जिसे बढ़ाकर अब 20 जनवरी कर दिया गया है। फीस जमा करने के लिए भी 20 जनवरी तक का समय रहेगा। एक्सपर्ट एस.एस. रघुवंशी ने बताया सीयूईटी पीजी के लिए छात्र का किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से ग्रेजुएट होना जरुरी है। छात्र जिस कोर्स के लिए आवेदन कर रहे हैं उसी से संबंधित विषय में ग्रेजुएशन होना जरुरी है। यदि छ्ज्ञत्र ग्रेजुएशन के अंतिम वर्ष में पढ़ रहा है या जिनका रिजल्ट आना बाकि है वे भी आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा कम्प्यूटर आधारित मोड में आयोजित की जाएगी। परीक्षा में एमसीक्यू बेस्ड प्रश्न पूछे जाएंगे। कुल 75 प्रश्न 90 मिनट में हल करना रहेंगे। परीक्षा में निगेटिव मार्किंग भी रहेगी।

50 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल करने का रखे लक्ष्य: एक्सपर्ट रघुवंशी ने बताया छात्रों को चाहिए कि वे 50 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल करने का लक्ष्य रखें। इसके लिए 60 से 70 प्रश्न सही हल करने की कोशिश करें। परीक्षा कम्प्यूटर आधारित होना है। छात्रों का पूरा फोकस स्मार्ट तैयारी पर होना चाहिए। इसके लिए सबसे जरूरी टॉपिक्स, पिछले सालों के पेपर्स और मॉक टेस्ट की मदद जरुर लें। तैयारी करने वाले छात्रों को प्राथमिकता समझना बहुत जरुरी है। हाई स्कोरिंग और बार-बार रिपीट होने वाले टॉपिक्स पर ध्यान दें। शॉर्ट नोट्स जरुर बनाएं जो परीक्षा शुरु के कुछ दिन पहले लंबी पढ़ाई के बजाय पहले से तैयार नोट्स या फॉर्मूले रिवाइज करने में मदद करेंगे। गणित में प्रतिशत, लाभ-हानि, औसत, समय-दूरी, अनुपात, अंग्रेजी/हिंदी: व्याकरण, पिछले 6 महीने के करंट अफेयर्स (अखबार/ऑनलाइन), स्नातक स्तर के सबसे महत्वपूर्ण टॉपिक्स चुनें (जो पिछले पेपर्स में आए हों)।

### 157 विषयों के लिए होना है परीक्षा

सीयूईटी पीजी 157 विषयों के लिए होना है। एनटीए ने पब्लिक नोटिस में कोर्सेज के साथ क्वेश्चयन पेपर कोड भी जारी किए हैं। कॉमन कोर्सेज में बीएड, कॉमर्स, इकोनॉमिक्स, जनरल मैनेजमेंट, एलएलएम, एमएड, मास कम्यूनिकेशन एंड जर्नलिज्म, पब्लिक हेल्थ, योगा सहित कई अन्य कोर्स है। साइंस के 30, ह्यूमैनिटीज के 26 विषयों, एमटेक हायर साइसेंज के 12 विषय शामिल है।

# भागीरथपुरा दूषित पानी कांड पर एमपी हाईकोर्ट में सुनवाई आज, मुख्य सचिव वीसी से होंगे उपस्थित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● भागीरथपुरा दूषित पानी कांड को लेकर इंदौर में दायर पांच जनहित याचिकाओं की सुनवाई गुरुवार को हाई कोर्ट में होगी। न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी इस मामले की सुनवाई करेंगे। याचिकाओं में दोषियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने और मृतकों के स्वजन को एक-एक लाख रुपये क्षतिपूर्ति दिलाने की मांगें शामिल हैं।

**मुख्य सचिव की वीसी के माध्यम से उपस्थिति**-पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मुख्य सचिव को उपस्थित होने का निर्देश दिया था। हालांकि राहत देते हुए मुख्य सचिव को वीसी के माध्यम से सुनवाई में शामिल होने की अनुमति दी गई। उन्हें अदालत को बताना होगा कि छह जनवरी को दिए गए आदेशों के पालन में सरकार ने क्या कदम उठाए हैं।

**दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और क्षतिपूर्ति की मांग**-याचिकाओं में वरिष्ठ अधिवक्ता अजय बागडिया, अभिनव धनोडकर, रितेश इनानी, मनीष यादव, मोहनसिंह चंदेल, गजेंद्रसिंह चौहान और विभोर खंडेलवाल पैरवी कर रहे हैं। याचिकाकर्ता चाहते हैं कि दोषियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की जाए और मृतकों के स्वजनों को मुआवजा दिया जाए।

**कोर्ट ने पिछली सुनवाई में जताया गंभीरता**-पिछली सुनवाई में कोर्ट ने कहा था कि यह घटना दुखद है और इस वजह से इंदौर की पूरी दुनिया में छवि खराब हुई है। न्यायालय ने मुख्य सचिव से यह भी पूछा था कि शासन ने आदेशों के पालन में अब तक क्या कदम उठाए हैं।

**सुनवाई के दौरान संभावित संयुक्त सुनवाई**-भागीरथपुरा कांड को लेकर दायर पांच याचिकाएं अलग-अलग नंबर पर लगाई गई हैं, लेकिन संभावना जताई जा रही है कि कोर्ट इन सभी याचिकाओं को एक साथ सुन सकती है।

## दिव्यांगों को कृत्रिम पैर एवं निर्धन वर्ग के बच्चों को शिक्षा सहयोग राशि का वितरण किया



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● दिगंबर जैन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी, जैन रत्न भामाशाह, स्व. प्रदीप कुमारसिंह कासलीवाल की 78 वीं जन्म जयंती पर आज महावीर ट्रस्ट बाल कल्याण एवं शोध संस्थान केंद्र एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन द्वारा मानव सेवा के तहत 10 निर्धन परिवारों के बच्चों को उनकी शिक्षा में उन्नति हेतु शिक्षा सहयोग राशि प्रदान की गई एवं दो दिव्यांगों को कृत्रिम पैर निशुल्क भेंट किए गए । फेडरेशन के मिडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि इस अवसर पर सभी वरिष्ठ समाजसेवियों ने स्व. प्रदीप कासलीवाल के सामाजिक एवं मानव सेवा के पुण्य कार्यों के बारे में अपने अपने विचार व्यक्त किये।

## घर की चौथी मंजिल से कूदा युवक, पहले पी चुका था शराब

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● इंदौर के लसूड़िया क्षेत्र में रहने वाले एक युवक ने अपने घर के चौथे माले से छलांग लगा दी। बताया जा रहा है कि युवक शराब पीने जा रहा था, जिसे उसके पिता ने रोक दिया। इसके बाद वह घर की छत पर पहुंचा और वहां से कूद गया। गंभीर हालत में उसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

लसूड़िया पुलिस के मुताबिक घटना गोल्डन पाम टाउनशिप की है। यहां बुधवार रात वैभव (28) पिता राकेश गायकवाड़ ने अपने घर के चौथे माले से कूदकर जान दे दी। घायल अवस्था में पिता और अन्य परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। पिता ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि शाम को वैभव ने शराब पी थी। इसके बाद रात में वह दोबारा शराब पीने की जिद कर रहा था। इसी कारण उसे नीचे के गेट पर ताला लगाकर रोक दिया गया। इससे नाराज होकर वैभव ऊपर चला गया और उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। वैभव अमेरिका की एक निजी कंपनी के लिए सॉफ्टवेयर का काम करता था और घर से ही वर्क फ्रॉम होम कर रहा था। परिवार में उसका एक बड़ा भाई भी है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया है।

## ग्रामीण स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने किये विभिन्न आयोजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला इंदौर अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान समस्त विकासखंड एवं संकुल मुख्यालय पर लखपति दीदी संवाद का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में महिलाओं ने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर अपने जीवन में आए परिवर्तन व आजीविका में आयी वृद्धि के बारे में जानकारी दी। साथ ही सभी समूह सदस्यों, जनप्रतिनिधियों को अपने हौसलों की उड़ान के बारे में अवगत कराया।

## 1 फरवरी को फिटनेस और अनुशासन की दौड़

### यूनियन बैंक मैराथन में होगी 4 कैटेगरी; 3, 5, 10 और 21 किमी में कर सकेंगे पार्टिसिपेट



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्य भारत की बहुप्रतीक्षित फिटनेस पहल 'यूनियन बैंक ऑफ इंडिया इंदौर मैराथन' 1 फरवरी को चार कैटेगरी में होगी। यह मैराथन केवल एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि फिटनेस, अनुशासन और सामूहिक सहभागिता का उत्सव बन चुकी है। एकेडमी ऑफ इंदौर मैराथन के अध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष दौड़ कैटेगरी वाइज राजबाड़ा, यशवंत क्लब और नेहरू स्टेडियम से शुरू होगी।

मैराथन के सचिव सुमित रावत ने बताया कि यह आयोजन चार श्रेणियों 3, 5, 10 और 21 किमी में होगी। 3 किमी दौड़ यशवंत क्लब से, 5 किमी दौड़ राजबाड़ा से, जबकि 10 किमी और 21 किमी दौड़ नेहरू स्टेडियम से प्रारंभ होंगी। प्रतिभागी अपना पंजीयन www.indore-marathon.in पर करा सकते हैं। मनीष पेसर्स एकेडमी के संस्थापक कोच मनीष गौड़ ने कहा कि इंदौर मैराथन केवल एक दौड़ नहीं, बल्कि एक जीवनशैली का संदेश है। यह युवाओं से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक सभी को फिटनेस के प्रति जागरूक करने का मंच है। हमें गर्व है कि हमारा शहर स्वास्थ्य की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

# संकल्प से समाधान अभियान : 31 मार्च तक चार चरणों में चलेगा अभियान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सीएम डॉ.मोहन यादव के निर्देश के बाद शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से संकल्प से समाधान अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र के सभी विधानसभा में एक वार्डों में शिविर आयोजित कर भारत सरकार और राज्य सरकार की हितग्राहीमूलक योजनाओं तथा लक्ष्य आधारित योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव और नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने बताया कि शासन निर्देशानुसार यह अभियान चार चरणों में संचालित किया जाएगा। पहला चरण 12 जनवरी से 15 फरवरी, दूसरा चरण 16 फरवरी से 16 मार्च, तीसरा चरण 16 मार्च से 25 मार्च और चौथा एवं अंतिम चरण 26 मार्च से 31 मार्च तक चलेगा। इसी क्रम में निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने 15 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक विधानसभावार आयोजित होने वाले 'संकल्प से समाधान अभियान' के शिविरों की तैयारियों के संबंध में सिटी बस ऑफिस में समीक्षा की।




निगम आयुक्त ने बताया कि सुशासन एवं स्वराज हेतु प्रतिबद्ध विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य के अंतर्गत नगर पालिक निगम इंदौर ने इस विशेष अभियान का आयोजन किया है। अभियान के पहले चरण में 15 जनवरी से 10 फरवरी तक प्रत्येक विधानसभा वार वार्ड स्तरीय समितियों का गठन कर नगर निगम के समस्त 85 वार्डों में शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें हितग्राहीमूलक जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं के लिए आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। अभियान के अंतर्गत नगर पालिक निगम इंदौर द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय योजनाओं जैसे विभिन्न पेंशन योजनाएं, पीएम स्वनिधि योजना, अविवादित संपत्तियों के नामांतरण, भवन अनुज्ञा प्रमाण-पत्र सहित लगभग 13 सेवाओं के लिए आवेदन प्राप्त कर उनका त्वरित निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा स्वच्छ एवं शुद्ध जल प्रदाय सुनिश्चित करने के लिए जल सुनवाई के माध्यम से जल संबंधी समस्याओं के आवेदन प्राप्त कर उनका समाधान किया जाएगा। निगम आयुक्त ने बताया कि अभियान के दूसरे, तीसरे और चौथे चरणों में प्राप्त समस्त आवेदनों का निराकरण करते हुए हितग्राहीमूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत उपलब्धि का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

इंदौर, गुरुवार 15 जनवरी 2026

# आज आएंगी भारत और न्यूजीलैंड की टीमें

## रविवार को होगा सीरीज का आखिरी मैच, होलकर स्टेडियम सज संवरकर तैयार





**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेली जा रही तीन वनडे मैचों की सीरीज का आखिरी और तीसरा मैच रविवार को इंदौर के होलकर स्टेडियम पर खेला जाएगा। गुरुवार को दोपहर में दोनों टीमें इंदौर पहुंचेगी। एमपीसीए द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक भारत और न्यूजीलैंड की टीमें दोपहर इंदौर पहुंचेगी। विमानतल से होटल पहुंचाया जाएगा। इसके लिए पुलिस विभाग ने कड़ी तैयारी की है। भारतीय टीम जहां होटल रेडिसन ब्लू में ठहरेगी वहीं न्यूजीलैंड की टीम मेरियट होटल में ठहरेगी।

मैच इंदौर में होता है तो दर्शकों का उत्साह मरम पर होता है। इस बार यह उत्साह काफी अधिक दिखाई दे रहा है। इसका मुख्य कारण रोहित शर्मा और विराट कोहली का टीम में होना है। दोनों खिलाड़ी सिर्फ वनडे फार्मेट में खेलते है और इसके बाद कब उन्हें साक्षात खेलते हुए देख सकेंगे यहीं क्रिकेट प्रेमियों का सबसे बड़ा उत्साह का कारण है।

भारत और न्यूजीलैंड मैच को लेकर उत्साह इतना ज्यादा है कि टिकटों के लिए शहर ही नहीं प्रदेश के अन्य जिलों से भी लोग लालायीत है। इस बार टिकट खरीदी के लिए सिस्टम पूरी तरह ऑनलाइन रखा गया था। बुकिंग ओपन होते ही कुछ ही घंटों में स्टेडियम पुल हो गया था। महंगा से महंगा टिकट भी कुछ ही देर में बिक गया। अब जिन्होंने टिकट खरीदे है वे टिकट ब्लैक कर रहे है। सोश्यल मीडिया पर टिकटों की बिक्री खूब हो रही है। 800 वाला टिकट 5 हजार से ज्यादा कीमत पर बेचा जा रहा है और क्रिकेट प्रेमी खरीद भी रहे है। एक-एक टिकट के लिए लीग एमपीसीए से लेकर उनसे जुड़े लोगों, सदस्यों और यहां तक की कर्मचारियों को भी फोन लगा रहे है।

पिच क्यूरेटर मनोहर जामले ने बताया कि होलकर स्टेडियम में खेले जाने वाले मैच में पिच बनाने के लिए काली मिट्टी का इस्तेमाल किया गया है। पिच लगभग पूरी तरह से तैयार भी हो चुकी है, बस फाइनल टन दिया जा रहा है। इससे पहले भी होलकर स्टेडियम में बड़े वनडे मैच हो चुके हैं, जिसमें पिच बनाने में काली मिट्टी का इस्तेमाल किया गया था। यह ठंड का समय है तो काफी ओस भी रहती है। ऐसे में जो भी टीम बाद में बॉलिंग करेगी, थोड़ी-थोड़ी इयू मैदान में रहेगी, इसलिए उनको समस्या आ सकती है। जबकि जो टीम बाद में बैटिंग करने उतरेगी, उसको फायय मिल सकता है। बयोंकि, ओस को वजह से मिट्टी चॉल को थोड़ा सेल्ड करती है और ऐसे में बॉल बैट पर काफी अच्छे से आती है. जिससे बैटिंग करने में आसानी होती है।

इंदौर के होलकर स्टेडियम में खूब रन बनते है और यहां टीम वनडे मैचों में कभी नहीं हारी है। पिछला वनडे मैच 24 सिंतबर 2023 को खेला गया था, जिसमें भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 399 रन का स्कोर भी खड़ा किया था। जबकि ऑस्ट्रेलिया की टीम 217 रन ही बना सकी थी। वहीं उसी साल 24 जनवरी को भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 385 रनों का स्कोर बनाया था. और कीवी टीम 295 रन ही बना सकी थी।

### पिछले मैचों में भारत के लिए आए है चार शतक

होलकर स्टेडियम में हुए पिछले दो मुकाबलों में चार शतक आए है। आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के नौजूद कप्तान शुभमन गिल ने 104 और बेयस अय्यर ने 105 रनों की शतकीय पारी खेली थी। अश्विन और जड़ेजा ने 3-3 विकेट लिए थे। वहीं न्यूजीलैंड के खिलाफ रोहित शर्मा ने 101 और शुभमन गिल के 112 रनों की शतकीय पारी खेली थी। विराट कोहली ने अस्ट्रेलिया के खिताक 52 और न्यूजीलैंड के खिलाफ 35 रन बनाए थे।

---

## न्यूज ब्रीफ

### नाथ मंदिर पर गजानन महाराज के भक्तों ने आयोजित किया संकल्प पूर्ति यज्ञ

**इंदौर ●** संत गजानन महाराज पारायण सेवा समिति लोकमान्य नगर द्वारा साउथ तुकोगंज स्थित नाथ मंदिर पर चातुर्मास के दौरान गजानन सिद्ध मन्त्र 'गण गण गणात बोते' के जाप की सफलता और देशभर के भक्तों द्वारा 400 करोड़ जप की आहुति प्रदान करने और उसमें इंदौर के भक्तों द्वारा डेढ़ करोड़ बार सिद्ध जाप करने के उपलक्ष्य में संकल्प पूर्ति यज्ञ का अनुष्ठान पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया गया। अनुष्ठान में इंदौर सहित उज्जैन, बडवानी, मंदसौर, देवास आदि जिलों से आए भक्तों ने आचार्य तुषार जोशी के निर्देशन में अभिषेक के पश्चात अग्नि प्रज्वलित कर 11 कुण्डीय यज्ञ में आहुतियाँ समर्पित की।

### बालाजी सेवा संस्थान की ओर से स्कूली बच्चों को स्वेटर एवं गणवेश वितरण

**इंदौर ●**पालदा स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मारुति नंदन बालाजी सेवा संसथान की ओर से पूर्व सांसद कृष्णमुरारी मोघे और समाजसेवी रामबाबू अग्रवाल के आतिथ्य में स्कूली बच्चों को ऊनी स्वेटर भेंट किए गए। मारुति नन्दन बालाजी सेवा संसथान की ओर से रामस्वरूप मंत्री, राजेश अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल भी उपस्थित थे जिन्होंने विद्यालय के भैया-बहनों को गणवेश भेंट किए। मुख्य अतिथि मोघे ने कहा कि प्रकृति हमें मुफ्त में हवा, पानी और अन्य प्राणदायक उपहार देती है तो हमें भी कुछ न कुछ देना सीखना चाहिए।

### अभा मैढ क्षत्रिय समाज की ओर से ब्रह्मलीन मोहनलाल मेढ रत्न अलंकरण से सम्मानित

**इंदौर ●** अभा मैढ क्षत्रिय समाज नई दिल्ली के तत्वावधान में श्रीमैढ क्षत्रिय स्वर्णकार मारवाड़ी समाज इंदौर के समर्पित सेवाभावी ब्रह्मलीन मोहनलाल सोनी को उनकी जीवत पर्यन्त की गई सेवाओं को देखते हुए 'मैढ रत्न' की उपाधि से सम्मानित किया गया। स्कीम-71 रिंग रोड स्थित एक गार्डन पर आयोजित समारोह में संगठन के अ.भा. अध्यक्ष जगदीश प्रसाद सोनी दिल्ली एवं विधायक श्रीमती मालिनी गौड़, प्रदेशाध्यक्ष मुकेश सोनी, प्रो किशन लाल सोनी, ओमप्रकाश वर्मा, अनिल सोनी एवं अन्य अतिथियों की मौजूदगी में स्व. सोनी के ज्येष्ठ पुत्र राजेंद्र सोनी ने यह अलंकरण प्राप्त किया।

---

## जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में सशस्त्र सेना वेटरंस दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

### समारोह में वीर माताओं-वयोवृद्ध पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जयरामपुर कॉलोनी में वेटरंस दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं गरिमामय ढंग से मनाया गया। इस अवसर पर जिले की वीर माताओं, द्वितीय विश्व युद्ध के सैनिकों की विधवाओं एवं वयोवृद्ध पूर्व सैनिकों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में कई वरिष्ठ अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी भाग लिया। समारोह में अतिथियों द्वारा सशस्त्र सेना वेटेरन्स दिवस के बारे विस्तृत जानकारी दी एवं इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमांडर नगेश चंद्र मालवीय ने बताया कि यह दिवस प्रथम कमांडर इन चीफ, फील्ड मार्शल के. एम. करिअप्पा के सम्मान एवं उनकी यादगार सेवाओं की याद में मनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि फील्ड मार्शल के एम करिअप्पा ने वर्ष 1947 के भारत-पाक युद्ध में भारतीय सेना का कुशल नेतृत्व किया था एवं देश को विजय दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। फील्ड मार्शल के. एम. करिअप्पा 14 जनवरी 1953 को सेवानिवृत्त हुए थे। आनरेरी कप्तान रघुवर दत्त शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## श्री परशुराम सेना अध्यक्ष द्वारा सेवा कार्य के साथ जन्मदिन मनाया गया



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** श्री परशुराम सेना इंदौर के अध्यक्ष प्रकाश शर्मा पप्पी द्वारा आज सादगी पूर्ण तरीके से निशक्त और असहाय बुजुर्गों को भोजन करा कर, गर्म वस्त्र का दान कर मकर संक्रांति पर्व पर अपना जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। जन्मदिन के अवसर पर विधायक महेंद्र हार्डिया,एमआईसी मेंबर नंदकिशोर पहाड़िया,भाजपा के वरिष्ठ नेता टीनू जैन, वैश्य समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरीश विजयवर्गीय, परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अनूप शुक्ला, प्रकाश बाजपेई, सुदेश पांडे, प्रेम बागोरा, हरीश चौहान, विजेंद्र दीक्षित, गौतम तिवारी, राजेश दुबे, आनंद शुक्ला, धीरज मैथिल, बबल जोशी, प्रकाश सेरोके , तेजस झंडे, भीम नायक, रवि भैया, छोटू उस्ताद, राघवेंद्र शर्मा, सांवरिया शर्मा, बम साहब साथ ही प्रकाश शर्मा के साथी सतीश देवांग और राजकुमार वर्मा कभी जन्मदिन मनाया गया।

## भागीरथपुरा क्षेत्र अभियान स्वास्थ्यवर्धन जारी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** भागीरथपुरा प्रभावित क्षेत्र में आज अभियान स्वास्थ वर्धन के अंतर्गत इंडेक्स आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के सौजन्य से हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में निवासियों ने उपचार लिया, कैंप में विभिन्न बीमारियों का उपचार किया गया। एक मरीज डायरिया का मिला जिसे भागीरथपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया और उसे वहां पर उपचार दिया गया। भागीरथपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आज 3 मरीज डायरिया की शिकायत के साथ पहुंचे जिनके वहीं पर उपचार किया गया किसी भी मरीज को आज रेफर नहीं किया गया परिवहन हेतु दो एंबुलेंस लगाई गई थी। स्वास्थ वर्धन अभियान के अंतर्गत चलाए जा रहे है।

शिवम वर्मा, जिलाधीश इंदौर के निर्देशानुसार क्षेत्र में 02 एम्बुलेंस लगाई गई हैं, 24×7 चिकित्सकों की ड्यूटी क्षेत्र में लगाई गई है, मरीजों को एमव्हाय. चिकित्सालय, अरविंदों अस्पताल तथा बच्चों को चाचा नेहरु अस्पताल में रेफर किया जा रहा है, जो मरीज निजी चिकित्सालयों में जा रहे हैं, वहाँ पर भी नि:शुल्क उपचार, जाँच एवं औषधि हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी द्वारा निर्देशित किया गया है।

---

## नई चेतना जेंडर अभियान 4.0 के तहत ग्रामीण स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने किये विभिन्न आयोजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर ●** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला इंदौर अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान समस्त विकासखंड एवं संकुल मुख्यालय पर लखपति दीदी संवाद का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में महिलाओं ने स्वयं सहायता समूह से जुड़कर अपने जीवन में आए परिवर्तन व आजीविका में आयी वृद्धि के बारे में जानकारी दी। साथ ही सभी समूह सदस्यों, जनप्रतिनिधियों को अपने हौसलों की उड़ान के बारे में अवगत कराया। सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत निरक्षर समूह सदस्यों का नव साक्षर अभियान के तहत पंजीयन किया गया। समूह की सभी सदस्यों को आगामी दो माह में साक्षर करने हेतु संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन मकर संक्रांति पर महिला स्व सहायता समूह ने जिले में स्थित पवित्र नदियों एवं जल स्त्रोतों पर एकत्रित होकर विधि विधान से सूर्य को अर्ध देकर पूजन किया। साथ ही अपने सपने पतंग पर लिखकर उत्साह से पतंग उड़ाई और सांस्कृतिक व पारंपरिक खेल खेले गए। जिससे समूह की महिलाओं में एक नया उत्सवर्धन हुआ। तीन दिवसीय कार्यक्रम में महिलाओं ने अपने सपनों को व समूह से जुड़ने के बाद उनकी आजीविका में हुई वृद्धि के बारे में सभी का अवगत कराते हुए ज्यादा से ज्यादा गतिविधियां कर अपने आजीविका बढ़ाने हेतु संकल्प लिए गए। सभी उप स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से 15 जनवरी को महिलाओं का निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण किया जाएगा।

## 'झंडा ऊँचा रहे हमारा' अभियान का शुभारंभ आज से

**दैनिक इंदौर संकेत**




**इंदौर ●** गणतंत्र दिवस पर 'झंडा ऊँचा रहे हमारा' अभियान की प्रवर्तक संस्था सेवा सुरभि के तत्वावधान में जिला प्रशासन, इंदौर पुलिस, नगर पालिक निगम और इंदौर विकास प्राधिकरण की सहभागिता में अभियान का शुभारंभ गुरुवार 15 जनवरी को दोपहर 3 बजे रेसकोर्स रोड स्थित बास्केटबाल काम्प्लेक्स पर इंदौर मैनेजमेंट एसोसिएशन और गीता रामेश्वर ट्रस्ट की सहभागिता में देश के प्रख्यात सेलेब्रिटी लेखक और स्तंभकार चेतन भगत के व्याख्यान के साथ होगा। कार्यक्रम में प्रवेश सबके लिए निशुल्क और खुला रहेगा लेकिन पहले आएं पहले पाएं के आधार पर ही प्रवेश संभव होगा। अभियान के तहत 30 जनवरी तक विभिन्न सामाजिक संगठनों की भागीदारी में 10 बड़े आयोजन होंगे। गुरुवार को चेतन भगत एक नागरिक के रूप में 'मैं क्या कर सकता हूँ?' विषय पर शहर के 20 मैनेजमेंट और इंजीनियरिंग कॉलेजों के विद्यार्थियों को प्रेरक व्याख्यान देंगे। रीगल चौराहा पर संस्था की ओर से परंपरागत इंडिया गेट की प्रतिकृति की स्थापना भी हो चुकी है। इंडिया गेट पर प्रतिदिन सुबह 8 से 10 बजे तक स्कूली बच्चे आकर राष्ट्र भक्ति से प्रेरित विभिन्न प्रस्तुतियां देंगे।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ




डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता
5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### मिनटों में सामान, सालों का जोखिम, क्लिक से घर तक दस मिनट, लेकिन सड़क पर जान की जिम्मेदारी किसकी?

दस मिनट में सामान पहुंचाने की होड़ ने ऑनलाइन डिलीवरी कर्मियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बढ़ते सड़क हादसे और काम के दबाव से सरकार की रोक जरूरी थी। आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी और अत्यधिक व्यस्तता के बीच आनलाइन सामान पहुंचाने का कारोबार न केवल रोजगार का एक महत्वपूर्ण स्रोत बन गया है, बल्कि यह उपभोक्ताओं के लिए एक बड़े बाजार की शक्ल ले चुका है। खासकर कोविड महामारी के बाद से इसमें जबरदस्त उछाल आया है और अब मांग पर हर तरह के उत्पाद मिनटों में घर पर पहुंच जाते हैं। मगर तत्काल सामान पहुंचाने की होड़ में इस कार्य से जुड़े कर्मियों पर आनलाइन कंपनियों के दबाव और उनकी सुरक्षा को लेकर चिंताएं भी बढ़ी हैं। सामान पहुंचाने के दौरान सड़क हादसों में मौत हो जाने की देश भर में कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। यही वजह है कि केंद्र सरकार ने अब दस मिनट में सामान पहुंचाने से संबंधित कंपनियों के दावों पर रोक लगाने का आदेश दिया है। सवाल है कि आखिर सरकार को इस मामले में हस्तक्षेप क्यों करना पड़ा? क्या संबंधित कंपनियों की यह जिम्मेदारी नहीं है कि वे अपने कर्मियों की सुरक्षा और बेहतरी की फिक्र करें? बीते वर्ष के आखिरी दिन यानी 31 दिसंबर 2025 को घर पर सामान पहुंचाने वाले कर्मियों ने हड़ताल का आह्वान कर अपनी दिक्कतों की तरफ देश, समाज और सरकार का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की थी। कुछ अरसे से ऑनलाइन बाजार की यह कह कर हिमायत की जा रही है कि इससे रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं और उपभोक्ताओं को भी अपनी पसंद के सामान की खरीदारी का आसान विकल्प मिल गया है। साथ यह भी कहा जाता है कि इस क्षेत्र में काम करने वाले कर्मियों को अपने कार्य की अवधि खुद तय करने की आजादी है। मगर, क्या वास्तव में उन्हें काम करने की आजादी है? निर्धारित समय के भीतर सामान पहुंचाने और प्रतिदिन का लक्ष्य पूरा करने का दबाव कई बार उन्हें मानसिक ही नहीं, बल्कि शारीरिक तकलीफ भी देता है। इस दबाव में सड़क पर तेज रफ्तार में दोपहिया वाहन चलाने से हर समय जान का जोखिम बना रहता है। ऐसे में दस मिनट में सामान पहुंचाने के वादों पर रोक लगाना निहायत जरूरी हो गया था। नीति आयोग की वर्ष 2022 की एक रपट के अनुसार, वर्ष 2020 में देश भर में आनलाइन मांग पर सामान पहुंचाने वाले कर्मियों की संख्या करीब 77 लाख थी और यह आंकड़ा 2030 तक 2.35 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है।

# संप्रभुता की कीमत पर प्रभुत्व: ट्रम्प की नई वैश्विक रणनीति

**ट्रम्प प्रशासन की विदेश नीति अब पारंपरिक कूटनीति की सीमाओं को पार कर चुकी है। यह अब केवल दबाव, संवाद या प्रतीकात्मक चेतावनियों तक सीमित नहीं है। शक्ति का खुला प्रदर्शन, प्रत्यक्ष धमकियाँ और सैन्य हस्तक्षेप को अब वैध विदेश नीति के साधन के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बनी नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था, जो संप्रभुता, अंतरराष्ट्रीय कानून और बहुपक्षीय सहयोग पर टिकी थी, आज गंभीर संकट में है। 'अमेरिका फर्स्ट' का नारा व्यवहार में 'अमेरिका एवरीवेयर' बन चुका है। सैन्य शक्ति और आर्थिक प्रतिबंधों को नैतिक जिम्मेदारी या राष्ट्रीय सुरक्षा की भाषा में प्रस्तुत किया जा रहा है। इस बदलाव ने वैश्विक राजनीति को नया रूप दिया है।**



जनवरी 2026 की घटनाओं ने इस नई कूटनीति को पूरी स्पष्टता से उजागर किया है। कूटनीति अब संवाद का माध्यम कम और नियंत्रण व दमन का औजार अधिक बन गई है। ट्रम्प प्रशासन की धारणा है कि वैश्विक संस्थाएँ और सहमति तभी उपयोगी हैं, जब वे अमेरिकी हितों से पूरी तरह मेल खाती हों। यदि ऐसा नहीं होता, तो एकतरफा कार्रवाई को अंतिम और उचित विकल्प माना जाता है। इस प्रवृत्ति ने विश्व में अस्थिरता को बढ़ावा दिया है। छोटे और मध्यम देशों के लिए भविष्य और अधिक अनिश्चित हो गया है। नियमों का स्थान शक्ति ने ले लिया है। सहयोग की जगह प्रतिस्पर्धा और दबाव हावी हो रहा है।

वेनेजुएला में अमेरिकी विशेष बलों की कार्रवाई इस आक्रामक कूटनीति का सबसे स्पष्ट उदाहरण है। 3 जनवरी 2026 को कराकास में सैन्य छापेमारी हुई। राष्ट्रपति निकोलस मदुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार कर न्यूयॉर्क ले जाया गया। ट्रम्प ने इसे 'सर्जिकल स्ट्राइक' या 'कानून प्रवर्तन अभियान' कहा। लेकिन यह एक संप्रभु राष्ट्र की राजनीतिक व्यवस्था पर सीधा हमला था। मदुरो को ड्रग तस्करी के आरोप में अदालत में पेश किया गया। इस कार्रवाई के पीछे तेल संसाधनों पर नियंत्रण और क्षेत्रीय प्रभुत्व की रणनीति स्पष्ट दिखती है। चीन, रूस और ईरान को वहाँ से बाहर करने की मंशा भी है।

इस हस्तक्षेप के बाद अमेरिका ने वेनेजुएला में 'संक्रमण काल' को नियंत्रित करने की घोषणा की। संयुक्त राष्ट्र और कई देशों ने इसे अवैध बताया। रूस और चीन ने इसे आक्रामकता का प्रमाण कहा। लैटिन अमेरिकी देशों ने इसे मोनरो सिद्धांत के नए और खतरनाक संस्करण के रूप में देखा। ट्रम्प प्रशासन ने इसे 'मानवीय दायित्व' और 'नशीले पदार्थों के खिलाफ युद्ध' बताया। लेकिन आलोचक इसे संसाधनों और प्रभाव क्षेत्र की होड़ मानते हैं। अंतरराष्ट्रीय कानून की सीमाएँ धुंधली हो गई हैं। संप्रभुता का सिद्धांत गंभीर चुनौती का सामना कर रहा है।

ईरान के संदर्भ में ट्रम्प प्रशासन की भाषा और भी उग्र व विस्फोटक रही है। जनवरी 2026 में ईरान में आर्थिक संकट के कारण बड़े विरोध प्रदर्शन हुए। ट्रम्प ने चेतावनी दी कि यदि प्रदर्शनकारियों पर हिंसा हुई तो अमेरिका हस्तक्षेप करेगा। 'लॉक्ड एंड लोडेड' और 'हेल्प इज ऑन द वे' जैसे बयान दिए गए। यह मात्र बयानबाजी नहीं थी। यह संभावित सैन्य हस्तक्षेप का स्पष्ट संकेत था। इससे मध्य पूर्व में तनाव चरम पर पहुँचा। होर्मुज जलडमरूमध्य में ऊर्जा आपूर्ति पर खतरा मंडराने लगा। वैश्विक व्यापार प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई।

ईरान नीति में वेनेजुएला मॉडल की छाया साफ दिखती है। आंतरिक असंतोष को बाहरी हस्तक्षेप का आधार बनाया जा रहा है। विशेषज्ञ मानते हैं कि ऐसी धमकियाँ अल्पकाल में दबाव तो बनाती हैं। लेकिन दीर्घकाल में नेतृत्व को और कठोर व राष्ट्रवादी बनाती हैं। आंतरिक समर्थन बढ़ता है। रूस और चीन इसे पश्चिमी दोहरे मानदंडों का उदाहरण बताते हैं। इससे उनका वैश्विक प्रभाव बढ़ रहा है। अमेरिकी रणनीति उलटी पड़ सकती है। क्षेत्रीय स्थिरता पर गहरा असर पड़ रहा है।

ग्रीनलैंड को लेकर ट्रम्प की महत्वाकांक्षा इस कूटनीति का सबसे असामान्य लेकिन खतरनाक पहलू है। ट्रम्प ने कहा कि ग्रीनलैंड को 'एक या दूसरे तरीके से' अमेरिका के अधीन होना चाहिए। इसे राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्कटिक रणनीति से जोड़ा गया। लेकिन वास्तव में यह संसाधनों और भू-राजनीतिक वर्चस्व की प्रतिस्पर्धा है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड ने इसे स्पष्ट रूप से खारिज किया। इसे संप्रभुता पर सीधा आघात बताया गया। यूरोप में गहरी चिंता फैली। 'सभी विकल्प खुले' जैसे बयानों ने सैन्य कार्रवाई की आशंका बढ़ा दी।

ग्रीनलैंड प्रकरण ने नाटो के भीतर मौजूद मतभेदों को उजागर कर दिया है। अमेरिका इसे आर्कटिक में रूस और चीन के प्रभाव को रोकने के लिए आवश्यक बताता है। यूरोपीय सहयोगी इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन मानते हैं। जलवायु परिवर्तन से पिघलती बर्फ नए समुद्री मार्ग खोल रही है। संसाधनों की उपलब्धता बढ़ रही है। लेकिन सहयोग के बजाय शक्ति प्रदर्शन की प्रतिस्पर्धा तेज होती जा रही है। भविष्य के टकरावों की भूमिका बन रही है। वैश्विक संतुलन खतरे में पड़ता दिख रहा है।

वेनेजुएला, ईरान और ग्रीनलैंड-इन तीनों मोर्चों पर ट्रम्प प्रशासन की नीति एक साझा पैटर्न सामने लाती है। नियम-आधारित व्यवस्था के स्थान पर शक्ति-आधारित निर्णय लिए जा रहे हैं। कूटनीति अब संवाद का नहीं, बल्कि धमकी और दमन का माध्यम बन गई है। अल्पकाल में अमेरिका सशक्त दिखाई दे सकता है। लेकिन दीर्घकाल में सहयोगियों का भरोसा कमजोर पड़ रहा है। वैश्विक व्यवस्था दरक रही है। दुनिया एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। भविष्य शक्ति के शासन से चलेगा या कानून और सहयोग के सिद्धांतों से—यह प्रश्न अब एक व्यावहारिक चुनौती बन चुका है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

## आंचलिक

### कुत्तों की नसबंदी में पशु प्रेमियों द्वारा डाली जा रही बाधा, कलेक्टर को बताई समस्या

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● शहर में बढ़ते डॉग बाइट के मामलों के बीच कुत्तों की नसबंदी के काम में कथित पशु प्रेमियों द्वारा लगातार बाधा डाली जा रही है। नसबंदी के लिए नियुक्त संस्था के संचालक राजेश्वर जोशी ने मंगलवार को कलेक्टर भव्या मित्तल से मुलाकात कर उचित कार्रवाई की मांग की। जोशी ने बताया कि पिछले चार माह से शहर में नसबंदी का काम चल रहा है। नसबंदी के बाद कुत्तों को उनके यथास्थान पर छोड़ने पर कुछ लोग विरोध करते हैं। कुछ कथित पशु प्रेमी संगठन उनके सेंटर में ताला तोड़कर घुस आते हैं और कर्मचारियों को धमकाते हैं। इस कारण आगे का कार्य प्रभावित हो रहा है। नपा के स्वच्छता अधिकारी जितेंद्र मेड़ा ने बताया एजेंसी नियमानुसार कार्य कर रही है। यदि कोई शासकीय कार्य में बाधा डालेगा तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

### सूर्य गणना पर ज्योतिष बनाते थे पंचांग, यह देशभर में लागू होता था

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● खरगोन केवल समस्याओं का शहर नहीं, बल्कि गौरवशाली इतिहास, उपजाऊ भूमि, शांत स्वभाव की जनता और अपार संभावनाओं का केंद्र भी है। जहां एक ओर साहित्यकार शहर की विरासत और पहचान को उसका आत्मबल मानते हैं, वहीं उद्योगपति भविष्य में आकार ले रहे विकास को खरगोन का आने वाला गौरव बता रहे हैं। गौरव दिवस के मौके पर साहित्यकार और उद्योगपति की नजर से जानिए शहर की असली खासियत.... वरिष्ठ साहित्यकार राकेश राणा कहते है कि खरगोन की सबसे बड़ी ताकत उसका गौरवशाली अतीत है। रियासत काल में नवग्रह मंदिर देशभर में ख्यात था। नवंबर-दिसंबर के दो महीनों तक 150 से 200 ज्योतिषी यहां रहकर सूर्य गणना पर आधारित पंचांग बनाते थे, जो 14 जनवरी से पूरे देश में लागू होता था। यही कारण है कि यह देश का एकमात्र सूर्य प्रधान मंदिर माना जाता है और इसी दिन गौरव दिवस मनाया जाता है। धार्मिक नगरी के साथ-साथ खरगोन ने शिक्षा, साहित्य और प्रशासन को कई प्रतिभाएं दी हैं, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े मुकाम हासिल किए। शहर को योजनाबद्ध विकास की जरूरत है लेकिन नया पुल, बायपास और भविष्य की परियोजनाएं यह संकेत देती हैं कि शहर आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। खरगोन का नाम हमने नवग्रहपुरम या नवग्रह नगरी करने की भी मांग की है लेकिन इस पर कोई फैसला नहीं हुआ है। यहां अभी हमें गौरव हमारा प्रतीक चिह्न बने ऐसी सफलता की आस लगी हुई है। चैंबर ऑफ कॉमर्स पूर्व अध्यक्ष कैलाश अग्रवाल बताते है कि यहां की जनता हर परिस्थिति में संयम बनाए रखती है, यही शहर की सबसे बड़ी ताकत है। खरगोन को कपास का कटोरा कहा जाता है और यह मप्र में सबसे अधिक कपास उत्पादन करने वाला जिला है। भले ही बड़े कपड़ा उद्योग नहीं लगे हो, लेकिन जीनिंग फैक्ट्रियों और कृषि आधारित गतिविधियों से हजारों लोगों को रोजगार मिल रहा है।

### आदिवासियों के लिए अलग कोड जरूरी, कोड नहीं मिला तो पहचान खतरे में-उमंग सिंघार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● जिले के नेपानगर क्षेत्र के ग्राम चैनपुरा में आयोजित 33वें आदिवासी सांस्कृतिक एकता महासम्मेलन में मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने आदिवासियों के लिए अलग कोड की वकालत की। बुधवार को सम्मेलन के दूसरे दिन उन्होंने मंच से यह मांग उठाई। सिंघार ने कहा- देश में आदिवासियों का अपना अलग कोड होना चाहिए, क्योंकि उनकी अपनी विशिष्ट रीति-रिवाज, संस्कृति और समाज है। आदिवासी जंगल, सूर्य, गाय, बैल और फसलों की पूजा करते हैं, जो उनकी पहचान का अभिन्न अंग है।

उन्होंने चिंता व्यक्त की कि आदिवासी कोड न मिलना उनकी पहचान को खत्म करने की साजिश हो सकती है। सिंघार ने आदिवासी समाज से इस लड़ाई को योजनाबद्ध तरीके से लड़ने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह समाज के हाथ में है कि वे इसे पूरे देश का आंदोलन बनाएं।



#### जातिगत जनगणना का किया समर्थन

नेता प्रतिपक्ष ने जातिगत जनगणना का भी समर्थन किया और झारखंड के आदिवासियों के संघर्ष का उदाहरण दिया। उमंग सिंघार ने कहा- मध्य प्रदेश में डेढ़ करोड़ से अधिक आदिवासी हैं और उनकी ओर से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा जाना चाहिए, जिसमें आदिवासी कोड के अधिकार की मांग की जाए। सिंघार ने अपनी बात दोहराते हुए कहा कि संविधान में सभी को धर्म कोड मिला है। उन्होंने दावा किया कि आजादी से पहले आदिवासियों के लिए कोड था, लेकिन अब इसकी अनुपस्थिति से आदिवासी समाज की पहचान खत्म हो रही है। उन्होंने जोर दिया कि रीति-रिवाज, संस्कृति और सामाजिक धरोहरें हजारों सालों से उनकी पहचान हैं, जिन्हें संरक्षित करने की आवश्यकता है।

उमंग सिंघार ने कहा समाज के सदस्य के नाते यहां आया हूं। जब भी समाज के लोग मिलते हैं उनसे कहता हूं कि समाज की बात होती है तो मैं उनसे कहता हूं कि सदस्य होने के नाते आपके साथ खड़ा हूं। मैं मानता हूं कि राजनीतिक पार्टी से हूं, लेकिन जब आदिवासी हितों की बात आती है तो जवाबदारी से समाज की बात रखता हूं, लेकिन इस लोकतंत्र की व्यवस्था में हम अपने अधिकार नहीं पा पाते। कोई भी पार्टी होती है सबकी अपनी अपनी विचारधारा होती है, लेकिन जब के हित की बात आती है तो उस समय कई लोग भाग जाते हैं। क्यों भागते हो इस समाज से आपकी पहचान है।

### ओंकारेश्वर में श्रद्धालु को डूबने से बचाया रेस्क्यू कर बचाई युवक की जान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● मकर संक्रांति पर्व पर ओंकारेश्वर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन के बीच नर्मदा नदी के घाटों पर होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ बल को मोटर बोट और आपदा प्रबंधन उपकरणों के साथ तैनात किया गया है। इसी सतर्कता के चलते बुधवार को ब्रह्मपुरी घाट पर बड़ा हादसा टल गया। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड आशीष कुशवाहा ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे ब्रह्मपुरी घाट पर स्नान करते समय तेज जलप्रवाह में एक युवक बहने लगा। युवक की पहचान अतुल पिता राजकुमार (18 वर्ष), निवासी सूरत, गुजरात के रूप में हुई है।



घाट पर तैनात जवान सेवक परिहार ने स्थिति को भांपते हुए तुरंत नर्मदा नदी में छलांग लगाई और युवक का हाथ पकड़कर उसे गहरे पानी में बहने से पहले सुरक्षित बाहर निकाल लिया। जवान की तत्परता और सूझबूझ से युवक की जान बच सकी। इस समय घाटों पर सुरक्षा बोट और यात्री नौकाओं का संचालन जारी है, वहीं नर्मदा नदी में तीव्र जलप्रवाह बना हुआ है। मकर संक्रांति ड्यूटी के दौरान होमगार्ड व एसडीईआरएफ की टीमें प्लाटून कमांडर के नेतृत्व में विभिन्न घाटों पर तैनात हैं और लगातार बोट से पेट्रोलिंग कर रही हैं। एसडीईआरएफ की मुस्तैदी का ही परिणाम रहा कि श्रद्धालुओं की आस्था की डुबकी के दौरान किसी बड़ी दुर्घटना से पहले ही युवक को सुरक्षित बचा लिया गया।

### बटकीडोह बैराज से रिसाव, 250 एकड़ फसल पर संकट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● भक्तनढाना के बटकीडोह बैराज के गेट से तेज पानी का रिसाव हो रहा है। इससे बैराज में पानी की मात्रा घट गई है। आने वाले समय में किसानों को सिंचाई में परेशानी हो सकती है। आमढाना के किसानों ने नगर परिषद अध्यक्ष रोहित विक्की नायक को जानकारी दी। किसानों ने बहते पानी को तुरंत रुकवाने की मांग की। नगर परिषद अध्यक्ष ने बताया उन्होंने जल संसाधन विभाग के एसडीओ से बात की है। इसके बाद भी रिसाव बंद नहीं हुआ है। इस बैराज से करीब 250 एकड़ जमीन की सिंचाई होती है। इस बैराज से मोतीढाना, पाठई, भक्तनढाना और आमढाना के किसानों को पानी मिलता है। जल संसाधन विभाग के ईई रोशन सिंह ने बताया एसडीओ को मौके पर भेजा गया है। रिसाव का कारण पता किया जा रहा है। जल्दी ही बहते पानी को रोकने की व्यवस्था की जाएगी।

### भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़: पाटिल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● भारतीय जनता पार्टी की नई जिला कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को सांसद कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को संबोधित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने दो दिन पहले ही पार्टी की जिला कार्यकारिणी घोषित की थी। सांसद पाटिल ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जहां कार्यकर्ता के परिश्रम, निष्ठा और समर्पण का सम्मान किया जाता है। उन्होंने जोर दिया कि बूथ स्तर पर काम करने वाला कार्यकर्ता भी महत्वपूर्ण दायित्व तक पहुंच सकता है, जो किसी अन्य राजनीतिक दल में देखने को नहीं मिलता। पाटिल ने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह नई टीम संगठन को नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने पदाधिकारियों से प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में चल रही राष्ट्र हितैषी योजनाओं और अभियानों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आग्रह किया। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने सभी पदाधिकारियों से पूरी निष्ठा के साथ समाज और संगठन की सेवा करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी में संगठन ही सर्वोपरि है और यह कार्यकर्ताओं की मेहनत और परिश्रम से ही खड़ी हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि वे जिले के दौरे पर रहने के दौरान जिला भाजपा कार्यालय में समय तय कर बैठेंगे, ताकि पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद बना रहे।

### खंडवा के सिहाड़ा में धारा 163 लागू, पीरबाबा दरगाह के पास की जमीन पर आयोजन बैन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** ● जिले के ग्राम सिहाड़ा में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू कर दी है। यह प्रतिबंधात्मक आदेश 13 जनवरी से 12 मार्च तक प्रभावशील रहेगा। दो दिन पहले ही हिंदू और मुस्लिम पक्ष ने कलेक्ट्रेट आकर प्रदर्शन किया था, जिसके बाद प्रशासन ने यह सख्त कदम उठाया है। पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के मुताबिक, मोघट रोड थाना क्षेत्र का ग्राम सिहाड़ा धार्मिक और सांप्रदायिक दृष्टि से अति संवेदनशील है। यहां पीरबाबा दरगाह के आसपास का मैदान और भूमि पहले ग्राम वक्फ कमेटी के कब्जे में थी। इसे 8 दिसंबर 2025 को प्रशासन ने हटाकर पंचायत को सौंप दिया था। इस जमीन के मालिकाना हक को लेकर मध्यप्रदेश राज्य वक्फ अधिकरण में प्रकरण (क्रमांक ए-84/2025) विचाराधीन है, जिस पर अभी अंतिम फैसला आना बाकी है। प्रकरण की सुनवाई के दौरान 9 जनवरी को वक्फ कमेटी पक्ष ने तर्क दिया कि उन्हें दरगाह पर धार्मिक गतिविधियां करने से रोका जा रहा है। वहीं, प्रतिवादी ग्राम पंचायत सरपंच ने इसका खंडन किया। इसी प्रोसिडिंग का हवाला देकर एक व्यक्ति द्वारा बिना अनुमति विवादित भूमि पर लंगर का आयोजन करने की बात सामने आई थी। प्रशासन के मुताबिक, 8 दिसंबर 2025 से जमीन पंचायत के पास है। पंचायत ने ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया है कि इस जमीन का उपयोग अनुमति और शुल्क देने पर ही किया जाएगा।

# सिंधु इंडिया ओपन के पहले ही दौर में हार के साथ बाहर हुई



**नई दिल्ली (एजेंसी)** • भारतीय महिला बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु इंडिया ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में हार के साथ ही बाहर हो गयी हैं। सिधु को महिला एकल के पहले दौर में ही वियतनाम की थुई लिन एनगुएन ने कड़े मुकाबले में 22-20, 12-21, 15-21 से हराया। सिंधु ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहला गेम जीता पर वह उसे बरकरार नहीं रख पायीं और एक घंटे से अधिक समय तक चले मैच में हार गयीं। वहीं दूसरे और तीसरे गेम में एनगुएन ने बेहतर फिटनेस और आक्रामक खेल का प्रदर्शन कर मैच पर कब्जा कर लिया। सिंधु इसी के साथ ही इस साल की शुरुआत के दूसरे मुकाबले से ही बाहर हो गयी हैं। वह पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 में सेमीफाइनल तक में पहुंची थी पर वहां उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। संधु से प्रशंसकों को घरेलू कोर्ट पर उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की पर उनकी हार से सभी को निराशा हुई। वहीं इस जीत के साथ ही एनगुएन ने इस जीत के साथ ही टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया है।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** •इंदौर इलेक्ट्रिकल मर्चेंट एसोसिएशन समिति द्वारा गत रविवार नायर एकेडमी इंदौर के ग्राउंड पर एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया, संस्था सचिव समीर भार्गव ने बताया कि मार्केट के 72 सदस्यों की 6 टिम बनाकर क्रिकेट स्पर्धा करवाई गई, खेल के माध्यम से व्यापारियों के आपसी रिश्ते और भी मजबूत हो एवं स्वास्थवर्धक गतिविधि से स्वास्थ भी बेहतर बने इस हेतु आयोजन किया गया, संयोजक विशेष माहेश्वरी, नीलेश जैन, हुजेफा सेफी, आतुर शाह, आकाश ड्रबलानी ने बताया कि टूर्नामेंट की शुरुआत राष्ट्रगान से हुई, 6 कंपनी ने एक एक टिम का चयन कर स्पॉन्सरशिप की जिसमे वेस्टर्न स्विच मुंबई , डीएसबी इंदौर, श्री कृष्ण सॉल्यूशन इंदौर, पार्कोस मुंबई, ओ प्लस इंदौर एवं वी मार्क इंडिया रही। टूर्नामेंट में विजेता डीएसबी इंदौर एवं उपविजेता वेस्टर्न स्विच मुंबई बनी। संस्था अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बाहेती ने स्पॉन्सर कंपनी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया एवं आभार शेलेन शाह ने किया, इस अवसर पर संस्था से संस्था संरक्षक अल्पेश शाह, गोरधन मोहता , संजय अग्रवाल, प्रदीप गंगवानी, प्रतीक बहरानी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।



## ब्रैंडन किंग की कपतानी में अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज में उतरेगी वेस्टइंडीज

**जमैका (एजेंसी)** • वेस्टइंडीज ने अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए वाले ब्रैंडन किंग की कप्तानी में अपनी टीम घोषित कर दी है। इस टीम में युवा क्वेंटिन सैम्पसन को पहली बार शामिल किया गया है। ये सीरीज 9 से 22 जनवरी तक दुबई में खेली जाएगी। नियमित कप्तान शाई होप के नहीं होने से ब्रैंडन को कप्तानी मिली है। होप अभी एस20 में व्यसत हैं। होप के अलावा रोस्टन चेज, अकील हुसैन और शेरफेन रदरफोर्ड भी टीम में नहीं हैं। 25 वर्षीय गयाना अमेजन वॉरियर्स के बल्लेबाज सैम्पसन कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 के बेहतरीन खिलाडियों में से एक थे, उन्होंने नौ मैचों में 151.57 के स्ट्राइक रेट से 241 रन बनाए थे। शमर जोसेफ और एविन लुईस भी टीम में वापस आ गए हैं, पिछली सीरीज में लगी चोटों से उबरने के बाद उन्हें खेलने की मंजूरी मिल गई है।



अल्जारी जोसेफ, जो पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण भारत में टेस्ट सीरीज से बाहर थे, उन्हें रिहैबिलिटेशन में प्रगति के बावजूद टीम में शामिल नहीं किया गया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा कि यह फैसला मेडिकल जांच के बाद लिया गया है, तेज गेंदबाज को टी20 विश्व कप के लिए संभावित चयन से पहले निगरानी में रखा जाएगा। वहीं काम का बोझ कम करने के लिए वकर्लोड मैनेजमेंट के तहत रोवमैन पॉवेल को जेसन होल्डर और रोमारियो शेफर्ड के साथ सीरीज से आराम दिया गया है। मुख्य कोच डैरेन सैमी ने कहा कि अफगानिस्तान सीरीज भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# सपनों को किसी भी सीमा में बांधना गलत: अदा शर्मा



**मुंबई (एजेंसी)** • अभिनेत्री अदा शर्मा का मानना है कि सपनों को किसी भी तरह की सीमा में बांधना गलत है। इसी सोच के साथ वे एक अलग और खुला एक्टिंग फॉर्मूला अपनाती हैं, जहां वे सिर्फ अच्छे रोल्स पर फोकस करती हैं। अभिनेत्री ने अपने करियर और सपनों को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वह अपने ड्रीम को किसी भी तरह की लिमिट में नहीं बांधना चाहतीं। अदा का मानना है कि अगर कोई एक्टर खुद को किसी खास डायरेक्टर या स्टाइल तक सीमित कर ले, तो यह बहुत प्रतिबंधक हो जाता है। अदा ने कहा, मेरा ड्रीम ईमानदारी से यही है कि मैं अच्छी फिल्में करूं और अच्छे रोल्स निभा पाऊं। अगर मैं ये तय कर लूं कि मैं सिर्फ इन-इन डायरेक्टर्स के साथ काम करूंगी, तो यह खुद को सीमा में बांधना होगा। मैं उन सबके साथ काम करना चाहती हूं, जिसके पास भी मेरे लिए अच्छा रोल हो। उन्होंने सुदीप्तो सेन का उदाहरण देते हुए कहा, अगर मेरा ड्रीम होता कि मैं किसी खास डायरेक्टर के साथ ही काम करूंगी, तो द केरल स्टोरी कभी नहीं होती।

## मैं अपनी गलतियों के लिए माफी मांग चुका हूं: अमाल मलिक



**मुंबई (एजेंसी)** • छोटे परदे का पापुलर शो बिग बॉस 19 के फिनाले का हंगामा अभी तक शांत नहीं हुआ है। इस बार विवाद गायक और संगीतकार अमाल मलिक को लेकर है, जो शो के टॉप 5 फाइनलिस्ट में शामिल थे। घर के अंदर उन्होंने तान्या मित्तल के लिए अपशब्द का इस्तेमाल किया था, जिस पर दर्शकों और फैंस ने आपत्ति जताई।

हालांकि शो खत्म होने के बाद भी यह मामला सोशल मीडिया पर लगातार गरमा रहा है और फैंस ने उनसे सार्वजनिक माफी की मांग शुरू कर दी। विवाद तब और बढ़ गया जब अमाल के मैनेजर ने पोस्ट किया और लोगों से अपील की कि वे अमाल के परिवार और दोस्तों को इस मामले में न घसीटें। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और तान्या के समर्थकों ने इसे गंभीरता से लिया। उन्होंने अमाल से माफी मांगने को कहा। इस पूरे विवाद के बीच अमाल मलिक ने खुद अपनी प्रतिक्रिया साझा की। उन्होंने कहा, मैं पहले ही अपनी सभी गलतियों के लिए माफी मांग चुका हूं, चाहे वह तान्या मित्तल के लिए हो या शो में शामिल अन्य कंटेस्टेंट्स के लिए। शो से बाहर आने के बाद मेरा पहला पोस्ट तान्या के लिए ही था। इसके बावजूद मेरे मैनेजर, टीम, परिवार और दोस्तों पर निशाना बनाया गया। यह बिल्कुल गलत है, और लोग सिर्फ अपने फैंडम के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं।

# उज्जैन संभाग

## चाइनीज मांझे से दो बड़े हादसे, बाइक से जाते समय युवक का गला कटा; महिला के पैर कटने पर 7 टांके आए



**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • मकर संक्रांति से एक दिन पहले प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से दो गंभीर हादसे हुए। बुधवार, 14 जनवरी को हुई इन घटनाओं में एक युवक का गला कट गया, जबकि एक महिला के पैर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को शासकीय चरक भवन अस्पताल में भर्ती कराया गया। पहली घटना में 28 वर्षीय युवक अंतर बंजारा का गला कट गया। दूसरी घटना में 45 वर्षीय सीमा पति भीमराज के दोनों पैर गंभीर रूप से घायल हो गए। डॉक्टरों ने समय रहते उपचार कर दोनों की जान बचाई। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। शासकीय चरक भवन के ईएनटी सर्जन डॉ. विश्राम रत्नाकर ने बताया कि बुधवार दोपहर तक मांझे से घायल होने के कुल चार मामले सामने आए। इनमें से दो को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले एक महीने में गला, नाक और कान कटने के आधा दर्जन से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। रतलाम निवासी अंतर बंजारा (28) उज्जैन के उन्हेल-नागदा बायपास पर ईंट भट्टे पर मजदूरी करता है। बुधवार सुबह करीब 11 बजे आगर नाके के पास बाइक से जाते समय उसके गले में मांझा उलझ गया। राहगीरों की मदद से उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों के अनुसार, युवक के गले में आठ टांके आए हैं। दूसरी घटना फाजलपुरा नगरकोट क्षेत्र की रहने वाली सीमा पति भीमराज (45) के साथ हुई। वह सब्जी खरीदने निकली थीं, तभी सड़क पर खिंचा हुआ मांझा उनके पैरों में उलझ गया। इससे उनके दोनों पैरों में गंभीर कट लगे और एक पैर में सात टांके आए। इन हादसों के बावजूद पुलिस प्रशासन चाइनीज मांझे की बिक्री और उपयोग के खिलाफ लगातार सख्ती कर रहा है।

## जिला अस्पताल की 10 में से 6 लिफ्ट बंद

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • संभाग के सबसे बड़े चरक भवन स्थित जिला अस्पताल में सभी लिफ्ट की खराब हालत मरीजों और परिजन के लिए बड़ी समस्या बन गई है। अस्पताल में कुल 10 लिफ्ट हैं, जिनमें से 4 ही चालू है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार लिफ्ट के सुधार के लिए सिविल और इलेक्ट्रिक दोनों कार्यों के टेंडर हो चुके हैं। सिविल कार्य के लिए 11 लाख और इलेक्ट्रिक के लिए 84 लाख की मंजूरी पहले ही मिल चुकी है। हालांकि मरम्मत कार्य शुरू होने में देरी हो रही है।

# पांच दिवसीय महाकाल महोत्सव शुरू, मुख्यमंत्री ने किया भगवान का पूजन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • संक्राति पर्व से श्री महाकाल लोक में पांच दिवसीय महाकाल महोत्सव की शुरुआत हुई। आयोजन 18 जनवरी तक महाकाल महालोक एवं त्रिवेणी संग्रहालय में किया जा रहा है। पहले दिन सीएम डॉ. मोहन यादव ने महाकाल महोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। डॉ. यादव ने शुभारंभ अवसर पर कहा कि मध्य प्रदेश में दो ज्योतिर्लिंग हैं। यहां कई लोक बन रहे हैं। उज्जैन में अब तक श्रावण महोत्सव होता था। गुड़ी पड़वा से हमने तीन महीने चलने वाला उत्सव शुरू किया, जिसमें इस बार भी वाहनों पर ग्वालियर की मेले की तरह छूट मिलती रहेगी। भोपाल में लगने वाला वन सम्पदा का वन मेला की तरह अब उज्जैन में भी वन मेला लगेगा। अगली बार 25 जनवरी को आऊंगा, उस दिन हरिफाटक ब्रिज को सिक्स लेन करने, स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, सिंहस्थ बायपास की रोड का भूमि पूजन सहित सुबह होने वाले राहगीरी कार्यक्रम में भी शामिल होऊंगा। इससे पहले सीएम और सिंगर शंकर महादेवन ने आयोजन से पूर्व भगवान महाकाल का पूजन किया। मंच से ख्यात सिंगर पद्मश्री शंकर महादेवन द्वारा 'शिवोऽहम्' की प्रस्तुति दी।



पार्श्व गायक शंकर महादेवन एवं उनके पुत्र सिद्धार्थ और शिवम ने श्री महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान श्री महाकाल जी के दर्शन किए। इस दौरान नंदी हाल में बैठकर तीनों ने शिव भोला भंडारी भजन भी गाया। शंकर महादेवन भास्कर से बोले- महाकाल मंदिर की व्यवस्था टॉप क्लास है। यहां की सफाई मंच वाशरूम आने जाने के रास्ते किसी इंटरनेशनल कार्यक्रम की तरह नजर आ रहा है। सीएम ने बटन दबाकर महाकाल मंदिर की नई वेबसाइट और नए बनने वाले भक्त निवास के साथ ही दान के लिए नए पोर्टल का शुभारंभ किया।

## सिंहस्थ कुंभ के लिए बन रहे घाट के नाम धार्मिक व धर्मस्व विभाग तय करेगा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • 2028 सिंहस्थ कुंभ के लिए बनाए जा रहे नए घाट निर्माण के बाद उनका नामकरण किए जाने के निर्देश मंगलवार को हुई बैठक में किया जाएगा। सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने दिए हैं। सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह ने मंगलवार दोपहर सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभागृह में सिंहस्थ 2028 के लिए किए जा रहे विकास के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान मेला अधिकारी सिंह ने सभी निर्माणाधीन कार्यों की प्रोग्रेस रिपोर्ट अपडेट रखने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी गोपाल डाड, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमट एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जल संसाधन विभाग के सिंहस्थ डिवीजन ने जानकारी दी कि घाट निर्माण का कार्य लोअर और अपर स्टेज पर है। वहीं जानकारी दी गई कि श्री अंगारेश्वर मंदिर के सामने घाट निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। मेला अधिकारी सिंह ने निर्देश दिए कि जो भी नए घाट निर्माण हो रहे हैं उनके नाम रखने के लिए प्लानिंग की जाए।

नए घाटों के नामकरण के लिए उनके पौराणिक महत्व के आधार पर हो। धार्मिक व धर्मस्व विभाग को सभी घाटों के महत्व और पौराणिक नामकरण करने के लिए निर्देशित किया है। सिंह ने कहा कि नए घाट पर प्रकाश व्यवस्था, चेंजिग रूम, वॉच टावर, घाट पर सूचना के लिए लाउडस्पीकर, आने-जाने के मार्ग का निर्धारण किया जाए।

### प्लाट की नंबरिंग होगी

मेला अधिकारी सिंह ने कहा कि जीआईएस के माध्यम से मेला क्षेत्र के सभी प्लाट की नंबरिंग की जाए, जिससे कहां कौन से अखाड़े का स्थान है और कहां क्या व्यवस्था रहेगी। इसका पूरे प्लान का ले आउट तैयार करने के निर्देश दिए।

### मेडिकल कॉलेज के लिए बनेगा अंडरपास

मेला अधिकारी सिंह ने मेडिकल कॉलेज और हॉस्टल के बीच बनने वाले अंडरपास की जानकारी लेने पर बताया गया कि अंडरपास के लिए इस्टीमेट बनाया है।

## ई-बस डिपो, 4 मार्गों के चौड़ीकरण सहित 7 प्रस्ताव को मिली मंजूरी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** •पीएम ई-बस योजना के तहत शहर में आने वाली 100 ई-बस के लिए आखिरकार डिपो के निर्माण की दर और स्थल को स्वीकृति मिल गई है, मंगलवार को महापौर मुकेश टटवाल की अध्यक्षता में आयोजित मेयर इन काउंसिल (एमआईसी) की बैठक में यह प्रस्ताव रखा गया। साथ ही शहर के विकास और निर्माण कार्य को लेकर अन्य 6 प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई। महापौर टटवाल ने कहा प्रत्येक कार्य की निगरानी और कार्य की प्रगति पर नियमित समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही सभी विभागीय अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि नागरिकों को होने वाली असुविधा न्यूनतम हो और परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी हों। पीएम ई-बस योजना के तहत शहर में ई-बस संचालन के लिए डिपो निर्माण की दर और स्थल स्वीकृति हुई। 6 मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के अंतर्गत सड़कों के निर्माण व डामरीकरण कार्यों में स्थल परिवर्तन पर अनुशंसा। 6 हरसिद्धि पाल से रामघाट तक मार्ग चौड़ीकरण और नीलकंठ से महाकाल चौराहा तक चौड़ीकरण की स्वीकृति। 6 गाड़ी अड्डा चौराहा से ढांचा भवन होते हुए रणकेश्वर महादेव मंदिर तक एमआर 4 मार्ग चौड़ीकरण को स्वीकृति। 6 सुलभ इंटरनेशनल सोशल सर्विस भोपाल द्वारा शहर में 5 अत्याधुनिक सार्वजनिक शौचालय कॉम्प्लेक्स का निर्माण।

## वाहन मेले में मोटरयान कर में 50 प्रतिशत छूट मिलेगी

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** •शहर में आयोजित वाले उज्जैन विक्रमोत्सव व्यापार मेला 2026 में ऑटोमोबाइल विक्रय पर उपभोक्ता को मोटरयान कर में 50 प्रतिशत छूट मिलेगी। ये निर्णय मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में भोपाल में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक लिया गया। इसके अलावा इस बैठक में सिंहस्थ 2028 के दृष्टिगत उज्जैन शहर की जल आवर्धन योजना जिसकी लागत एक हजार 133 करोड़ 67 लाख रुपए है, की स्वीकृति भी प्रदान की गई हैं। गौरतलब है कि पिछले दो वर्षों से उज्जैन में भी ग्वालियर की तर्ज पर वाहन मेले का आयोजन हो रहा है। इस मेले को लेकर उपभोक्ताओं को खासी रूचि रहती है। उपभोक्ताओं को इसमें अपने मन पसंद वाहन खरीदने का अवसर तो मिलता ही ही है कर में छूट का लाभ भी। ऐसे में उपभोक्ता अब इस मेले के आयोजित होने का इंतजार तर करने लगे हैं। स्थानीय के अलावा विभिन्न शहरों से लोग इसमें खरीदी के लिए आते हैं। संभवत: इस बार भी वाहन मेला मार्च में आयोजित होगा।

न्यूज ब्रीफ

## प्राचार्या का मेडिकल संदिग्ध पाया गया, निलंबित होते-होते बचे डीओ ऑफिस के अधीक्षक और अकाउंटेंट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● शासकीय पीएम श्री विद्यालय जवाहर टेकरी की पूर्व प्राचार्य भारती पवार द्वारा कल जन सुनवाई में पेंशन संबंधी शिकायत कलेक्टर शिवम वर्मा से किए जाने के बाद कलेक्टर ने 6 माह तक पेंशन स्वीकृत नहीं करने वाले लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ तत्काल निलंबन की कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। कलेक्टर द्वारा इस मामले में जिला शिक्षा अधिकार शांता स्वामी को कार्यालय तलब किया गया था। जिला शिक्षा अधिकारी इस प्रकरण से संबंधित समस्त दस्तावेज के साथ कार्यालय अधीक्षक क्युडी मंसूरी और अकाउंटेंट शैलेंद्र छिरेले को भी साथ लेकर आई थीं। अधीक्षक द्वारा जानकारी दी गई की संबंधित प्राचार्या का स्थानांतरण राघौगढ़ देवास होने से कार्यालय द्वारा कार्यमुक्त किए जाने के बाद बिना सूचना के 236 दिन सेवा से अनुपस्थि रहीं। प्राचार्या द्वारा उपस्थित होने के उपरांत प्रस्तुत मेडिकल एवं अवकाश प्रकरण अभी भी शासन स्तर पर लंबित है। प्राचार्या द्वारा दिए गए मेडिकल भी सिविल सर्जन द्वारा संदिग्ध पाए गए हैं। प्रकरण में प्राचार्या द्वारा 2013 तक 812 दिन के अवैतनिक अवकाश का उपभोग किया है। उक्त कारणों से वेतन निर्धारण पारित नहीं होने से पेंशन शुरू नहीं हो पा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा वस्तु स्थिती रखे जाने के बाद कार्यालय अधीक्षक मंसूरी और अकाउंटेंट छिरेले निलंबन की कार्यवाही से बच गए।

## शहर में आज से 'झंडा ऊँचा रहे हमारा' अभियान शुरू



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● गणतंत्र दिवस पर 'झंडा ऊँचा रहे हमारा' अभियान की प्रवर्तक संस्था सेवा सुरभि के तत्वावधान में जिला प्रशासन, पुलिस, नगर पालिक निगम और आईडीए की सहभागिता में अभियान का शुभारंभ गुरुवार दोपहर 3 बजे बास्केटबाल काम्प्लेक्स पर सेलेब्रिटी लेखक और स्तंभकार चेतन भगत के व्याख्यान के साथ होगा। अभियान के तहत 30 जनवरी तक विभिन्न सामाजिक संगठनों की भागीदारी में 10 बड़े आयोजन होंगे। गुरुवार को चेतन भगत एक नागरिक के रूप में मैं क्या कर सकता हूँ? विषय पर शहर के 20 मैनेजमेंट और इंजीनियरिंग कॉलेजों के विद्यार्थियों को प्रेरक व्याख्यान देंगे। रीगल चौराहा पर संस्था की ओर से परंपरागत इंडिया गेट की प्रतिकृति की स्थापना भी हो चुकी है। प्रतिदिन सुबह 8 से 10 बजे तक स्कूली बच्चे आकर राष्ट्र भक्ति से प्रेरित विभिन्न प्रस्तुतियां देंगे।

# कांग्रेस पर भड़के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, लाशों पर राजनीति करोगे तो इंदौर बर्दाश्त नहीं करेगा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● अमृत 2.0 योजना के पहले चरण के 800 करोड़ के कामों की शुरूआत के लिए इंदौर आए सीएम मोहन यादव ने कांग्रेस को जमकर सुनाया। भागीरथपुरा कांड को कांग्रेस पर सीएम ने कहा कि लाशों पर राजनीति सही नहीं हैं। इंदौर बर्दाश्त नहीं करेगा। वहीं मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि बेशर्मों को माफी मांगना चाहिए। विधायक मधु वर्मा बोले जीतू पटवारी साइकिल ही चलाते रह गए। इंदौर में नर्मदा के चौथे चरण के तहत 450 एमएलडी की क्षमता को दोगुना कर 900 एमएलडी करने के लिए 2200 करोड़ की अमृत 2 योजना आ रही है। इसके पहले चरण के तहत 800 करोड़ के काम की शुरूआत मकर संक्रांति के पावन मौके पर की गई।

इसमें सीएम मोहन यादव के साथ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री तुलसीराम सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी, विधायक गण व अन्य नेता उपस्थित थे। इस दौरान भागीरथपुरा कांड को लेकर कांग्रेस की राजनीति पर और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा लगाए गए आरोप कि इंदौर फर्जीवाड़े, दस्तावेज से सफाई में नंबर वन बना, इस पर जमकर हमला हुआ।

सीएम ने कहा कि इंदौर हमेशा नंबर वन रहा है। कठिनाई आई और इसमें सरकार, निगम जो कर सकती थी किया गया। पीड़ा हमारे मन में हैं, लेकिन इस दौर में भी कुछ लोग राजनीति का अवसर ढूंढते हैं। लाशों पर राजनीति करने आओगे तो इंदौर बर्दाश्त नहीं करेगा। राजनीति का यह रास्ता सही नहीं है। बात निकली तो दूर तलक जाएगी।

सीएम ने कहा कि कांग्रेस इतने पाप किए हैं कि गिनाने आए तो सिर के बाल भी कम पड़ जाएंगे। हमारा मन तो सभी को साथ लेकर चलने का है। इंदौर किसी का मोहताज नहीं है। यह इंदौर है, यह हमेशा नंबर वन रहेगा। इंदौर अपने लोगों से, हौंसलों से, विकास से पहचान रखता है। यह किसी का मोहताज नहीं है और हमेशा आगे बढ़ेगा।



**विधायक बोले- पटवारी ने केवल साइकिल चलाई**-राउ विधानसभा के विधायक मधु वर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस जीतू पटवारी पर हमला बोला। वह इस विधानसभा में दो बार जीते लेकिन दस साल में एक चैंबर नहीं बनवा सके ना लाइट लगवा सके। केवल साइकिल ही चलाते रहे। बीजेपी ने जो काम किया है वह हर कोई देख रहा है।

**महापौर ने कहा, आपदा में अवसर ढूंढा**-वहीं महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि बीते दिनों में दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने कष्ट दिया और सीख भी दी। अमृत योजना में पहले 1100 करोड़ का काम प्लान था, लेकिन फिर सीएम डॉ. मोहन यादव के वीजन के चलते इसे वृहद रूप दिया गया। इस योजना में 2400 करोड़ का प्लान किया। सीएम ने मंजूर किया।

आज के पहले पैकेज की शुरूआत भूमिपूजन हो रहा है। चौथा चरण इंदौर आएगा। कुछ लोगों ने आपदा में अवसर ढूंढा, मृतकों में राजनीति की। फर्जीवाड़े से नंबर वन आया। आरोप लगाते हुए भूल गए कि 1 साल तो खुद उनकी सरकार थी। इंदौर हमेशा नंबर वन बने रहेगा। उनके आरोप जनता और सफाईमित्रों का अपमान है। इस अपमान को इंदौर की जनता सहन नहीं करेगी।

### मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जमकर भड़के

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपने संबोधन के दौरान कांग्रेस पर जमकर गुस्से में दिखे। खासकर कांग्रेस द्वारा यह आरोप कि सफाई में नंबर वन फर्जीवाड़े आए हैं, इस पर जमकर आपत्ति ली। कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि रात दो बजे भी महिला सफाईकर्मी शहर की सफाई करती है। इनका माखौल उड़ाते हैं शर्म आना चाहिए। जनभागीदारी से सफाई कर्मियों के कारण नंबर वन आया है। माफी मांगना चाहिए इन बेशर्मों को। एक घटना के कारण बदनामी की जा रही है। इंदौर हमेशा नंबर वन रहा है और रहेगा। इसकी आन,बान, शान में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

### काले झंडे दिखाने पहुंचे कांग्रेसी गिरफ्तार

भागीरथपुरा में दूषित पानी से हुई मौत को लेकर मुख्यमंत्री मोहन यादव को काले झंडे दिखाने कांग्रेसी एयरपोर्ट गए। एयरपोर्ट के अंदर जाते वक्त गिरफ्तार पुलिस ने गिरफ्तार किया। ब्लॉक अध्यक्ष निलेश सेन, शेलू पुखराज सिंह राठौर, राहुल सिंह धाकरे, प्रतीक मित्तल, कमलेश पटेरिया, मिथुन यादव, लीलाधर भाई को गिरफ्तार किया गया

# ईओडब्ल्यू ने दर्ज की एफआईआर

## मृत को जीवित बताकर बेची जमीन, खंडवा के पैरामेडिकल कॉलेज संचालक पर भी केस

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● ईओडब्ल्यू ने एक बार फिर आर्थिक अनियमितताओं के मामले में एक साथ दो एफआईआर दर्ज की है। इसमें एक इंदौर का मामला है जिसमें करोड़ों की जमीन को लेकर धोखाधड़ी की गई। वहीं दूसरा केस खंडवा के श्री दादाजी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेस है। यहां पर खंडवा के संचालक और प्राचार्य डॉ. अनिल धारवाल पर एफआईआर का है। इंदौर में ग्राम सिंहासा, तहसील मल्हारगंज, जिला इंदौर स्थित कुल 12.66 हेक्टेयर भूमि बरकतउल्ला पिता कुदरतउल्ला के स्वामित्व की थी। बरकतउल्ला वर्ष 1980 से दुबई में रहते थे। उन्होंने 10 मार्च 1996 को अब्दुल कय्यूम को उक्त भूमि का आम मुखत्यार नियुक्त किया था।

बरकतउल्ला की मृत्यु अक्टूबर 2010 में ही हो गई थी, लेकिन इसके बाद भी कय्यूम ने उनके जीवित होने का झूठा शपथपत्र देते हुए जमीन को 1.02 करोड़ में बेचना बताकर रजिस्ट्री करा दी। आरोपियों की तरफ से सांठगांठ कर झूठे शपथ पत्र, कूटरचित दस्तावेजों तथा फर्जी फोटो का उपयोग कर मृत व्यक्ति को जीवित दर्शाते हुए भूमि हड़पने के उद्देश्य से धोखाधड़ी की गई।




### यह बने हैं आरोपी

इस केस में रूबीना पति अजमतउल्ला निवासी नंदनवन, अजमतउल्ला पिता बरकतउल्ला, निवासी-31, नंदनवन कॉलोनी, मानिकबाग रोड, इलतीफत अली पिता ए.क्यू. खान, नि.-1. गुलजार कॉलोनी, इंदौर, जावेद अली सैय्यद पिता हुसैन अली निवासी 302. रोज मीनार, अशोका कॉलोनी इंदौर।

**कॉलेज संचालक ने किया फर्जीवाड़ा**- ईओडब्ल्यू इंदौर में श्री दादाजी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेस, खंडवा के प्राचार्य एवं संचालक के विरूद्ध भी एफआईआर दर्ज की है। शैक्षणिक सत्र 2012-13 में शासन की तरफ से श्री दादाजी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइसेंस, खंडवा को 5 पाठ्यक्रमों के लिए 250 सीटों की अस्थायी अनुमति दी गई थी। अनुमति की शर्तों के अनुसार प्रवेश पूर्व संबंधित विश्वविद्यालय से संबद्धता लेना आवश्यक था, जिसका पालन नहीं किया गया। इसके बावजूद संचालक प्राचार्य डॉ. अनिल धारवाल की तरफ से विश्वविद्यालय से बिना संबद्धता लिए पाठ्यक्रम में छात्रों को नियम विरुद्ध प्रवेश दिया गया। इसके चलते छात्रों की परीक्षा एवं परिणाम में अत्यधिक विलंब हुआ जिससे छात्रों का नुकसान हुआ। डॉ. अनिल धारवाल की तरफ से 33 छात्रों के एक वर्षीय पाठ्यक्रम को द्विवर्षीय दिखाकर 1,65,000/- (एक लाख पैंसठ हजार) अधिक छात्रवृत्ति प्राप्त कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई। आरोपी डॉ. अनिल धारवाल पिता स्वर्गीय बाबूलाल धारवाल, प्राचार्य/संचालक दादाजी इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस, खंडवा, निवासी नाकोडा नगर, भण्डारिया रोड खंडवा, (म.प्र.) को इस केस में आरोपी बनाते हुए केस दर्ज किया गया है।

### इस तरह फर्जी छात्रवृत्ति भी ली

दादाजी कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेस, खंडवा के प्राचार्य डॉ. अनिल धारवाल ने वर्ष 2012-13 के DMLT छात्रों के संबंध में गलत जानकारी दी। एक वर्षीय पाठ्यक्रम के बजाय 33 छात्रों को द्विवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश दिखाया गया। 24 एसटी और 9 एसी छात्रों को शामिल किया गया। इसके बाद अधिक शुल्क और छात्रवृत्ति स्वीकृत कराई गई।

# बिना पंजीयन चल रहे अस्पतालों की जिला कलेक्टर को शिकायत

## कोर्ट ने आदेश दिए फिर भी अफसर नहीं कर रहे कार्रवाई



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर में बिना अनुमति और पंजीयन के संचालित हो रहे अस्पतालों को लेकर एक बार फिर गंभीर आरोप सामने आए हैं। अधिवक्ता चंद्रकांत शास्त्री ने कलेक्टर को लिखित शिकायत में आरोप लगाए हैं कि इंदौर में एक संगठित 'हॉस्पिटल माफिया' सक्रिय है, जिसे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) माधव हासानी का संरक्षण प्राप्त है। शिकायत में अवैध अस्पताल संचालकों और संबंधित अधिकारी पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत में उल्लेख किया गया है कि इंदौर के विभिन्न इलाकों में कई अस्पताल बिना स्वास्थ्य विभाग की अनुमति और पंजीयन के वर्षों से संचालित हो रहे हैं। इनमें खजराना का लेडी हलीमा हॉस्पिटल, हवा बंगला क्षेत्र का अविरल हॉस्पिटल, मालवा हॉस्पिटल, नेहरू नगर का अनमोल हॉस्पिटल, बाणगंगा का श्रद्धा हॉस्पिटल, देवास नाका का महाराणा प्रताप हॉस्पिटल, कन्यकुब्ज नगर का सिटीजन हॉस्पिटल, नगीन नगर का आयुष्मान हॉस्पिटल, चितावद का देवी अहिल्या हॉस्पिटल, अखंड नगर का एमजी हॉस्पिटल, मदरहुड हॉस्पिटल और कोहिनूर कॉलोनी स्थित शेख हबीब हॉस्पिटल शामिल बताए गए हैं। शिकायतकर्ता का कहना है कि इन अस्पतालों के खिलाफ पहले भी कई बार शिकायतें की गईं और प्रमाण प्रस्तुत किए गए, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

# ढाई महीने में बदल जाएगा इंदौर एयरपोर्ट का चेहरा

## कई शहरों के लिए उड़ानें मिलने की संभावना, पार्किंग जाम से मिलेगी राहत

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट आने वाले ढाई महीनों में पूरी तरह नए रूप में नजर आएगा। एयरपोर्ट पर पुराने टर्मिनल का दोबारा संचालन, 24 घंटे विमान परिचालन और बिजासन की ओर नया एग्जिट गेट शुरू होने जा रहा है। इन बदलावों से जहां यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, वहीं वर्षों से चली आ रही पार्किंग और ट्रैफिक जाम की समस्या से भी बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा कई शहरों के लिए उड़ान मिलने की भी पूरी संभावना है। एयरपोर्ट के पीआरओ रामस्वरूप यादव ने बताया कि विस्तार और सुधार से जुड़े कई अहम काम अंतिम चरण में हैं। पुराने टर्मिनल के शुरू होने से मौजूदा टर्मिनल पर यात्रियों का दबाव कम होगा, जबकि अलग एग्जिट गेट बनने से टर्मिनल के सामने लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। रनवे मरम्मत का कार्य मार्च के अंत तक पूरा होने के बाद संभवत: 1 अप्रैल से एयरपोर्ट फिर से 24 घंटे संचालित होगा। अभी रात के समय करीब आठ घंटे एयरपोर्ट बंद रहने से उड़ानों की संख्या सीमित है। 24 घंटे संचालन शुरू होते ही नई उड़ानों के लिए रास्ता खुलेगा और यात्रियों को समय के ज्यादा विकल्प मिलेंगे।




**नया एग्जिट गेट बनकर तैयार**-एयरपोर्ट पर पार्किंग और ट्रैफिक जाम की समस्या को खत्म करने के लिए बिजासन टेकरी की ओर नया एग्जिट गेट तैयार कर लिया गया है। फिलहाल प्रवेश और निकास के लिए एक ही मार्ग होने से पीक ऑवर्स में टर्मिनल के सामने वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। इसके शुरू होने के बाद एयरपोर्ट पर आने वाले वाहन यात्रियों को लेकर सीधे बिजासन मंदिर की ओर जाने वाली सडक पर निकल जाएंगे। अभी यहां से केवल अधिकारियों के वाहन आ-जा रहे हैं। पार्किंग ठेकेदार द्वारा बैरियर लगाए जाने और मुख्यालय से औपचारिक अनुमति मिलने के बाद आम वाहनों को भी इसी गेट से बाहर निकाला जाएगा।

### यात्री संख्या, एविएशन ग्रोथ मजबूत

*इंदौर एयरपोर्ट से जनवरी से दिसंबर 2025 के बीच 43 लाख 96 हजार 611 यात्रियों ने हवाई यात्रा की। यह एयरपोर्ट के 88 वर्षों के इतिहास में पहली बार है, जब यात्री संख्या 40 लाख के पार पहुंची। इसी अवधि में 32,558 उड़ानों का संचालन हुआ, जो इंदौर की मजबूत एविएशन ग्रोथ को दर्शाता है।*

# सुप्रीम कोर्ट में चंदननगर टीआई इंद्रमणि पटेल के लिए डीसीपी से ऐसे बनी थी ये रिपोर्ट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी बहुत बेहतरीन तरीके से पुलिस ने अपनी आन-बान-शान माने जाने वाले टीआई चंदननगर टीआई इंद्रमणि पटेल को बचा लिया था। ऐसी ही तैयारी सुप्रीम कोर्ट के केस में की गई थी। इसके लिए नोटिस और जांच की पूरी फाइल नवंबर-दिसंबर माह में चली। फिर डीसीपी आनंद कलादगी ने एक रिपोर्ट इंदौर पुलिस कमिशनर संतोष सिंह को दी। पूरे थाने के 26 सब इंस्पेक्टर, सहायक सब इंस्पेक्टर, हैड कांस्टेबल और कांस्टेबल भी घेरे में हैं।

टीआई चंदननगर इंद्रमणि पटेल के सितारे दो माह से गर्दिश में चल रहे थे। आखिरकार टीआई की कुर्सी छिन गई। इस कुर्सी को बचाने के लिए बहुत कोशिश हुई। इसके लिए कारण बताओ नोटिस, जांच और फिर रिपोर्ट की लंबी खानापूर्ति की गई। जिस स्टॉक/पाकेट गवाह (कई केस में चिन्हित गवाह ही आना) केस में उन्हें हटाया गया। इस मामले की जांच हुई। डीसीपी आनंद कलादगी ने सीपी को पत्र भेजा। पत्र में 7 दिसंबर को टीआई को क्लीन चिट दी गई।

**यह दो मामले हैं इस केस में**-इस केस में दो मामले लिंक हैं। अनवर हुसैन आरोपी ने जमानत आवेदन लगाया। लेकिन इसमें चंदनगर थाने की ओर से हलफनामा दिया गया कि उन पर 8 केस है, इसमें दुष्कर्म का भी केस बताया गया। इसके बाद हाईकोर्ट ने जमानत नहीं दी। मामला सुप्रीम कोर्ट गया। यहां पुलिस ने माना कि दो आरोपियों के नाम एक जैसे होने से गलती हो गई। आरोपी पर 4 ही केस है। इसमें आरोपी की जमानत मंजूर हो गई, लेकिन इसे गंभीर चूक मानी गई। इसमें एडिशनल डीसीपी दिक्षेष अग्रवाल व टीआई से जवाब मांगा गया।




इसके बाद अगली सुनवाई के दौरान असद अली वारसी इंटरवेनीअर बना। साथ ही कहा कि चंदननगर थाने में लगातार तय गवाह स्टॉक/पाकेट विटनेस बनाए जा रहे हैं। दरअसल वासरी को पुलिस ने चेकिंग के दौरान 31 अगस्त की रात को पकड़ा गया था। आरोप है कि पुलिस ने उनके साथ बदतमीजी की, रात में थाने में रखा, कपड़े उतरवाए।

इस याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने मान्य किया। मामले को गंभीर मानते हुए सीपी, एडिशनल डीसीपी और टीआई के साथ वारसी को भी पक्षकार बना लिया। इसी मामले में 13 जनवरी को सुनवाई हुई। इसमें सुप्रीम कोर्ट में फिर बात आई कि कोर्ट के संज्ञान लेने के बाद भी फिर इनके तरफ से दो केस में पाकेट गवाह बनाए गए। इस पर सुप्रीम कोर्ट भड़क गया। तत्काल टीआई को हटाने के आदेश दिए।

**किस तरह से हुए नोटिस और फिर ये रिपोर्ट**-सुप्रीम कोर्ट में सीपी, एडिशनल डीसीपी दिक्षेष अग्रवाल और टीआई इंद्रमणि पटेल को पक्षकार बनाया गया। इसके बाद जांच शुरू हुई। एसीपी अन्नपूर्णा शिवेंदु जोशी को जांच का जिम्मा दिया गया। वहीं टीआई को भी डीसीपी व एसीपी से नोटिस जारी हुए और जवाब लिया गया।

इन नोटिस पर टीआई पटेल ने जवाब दिया कि जिस केस (असद वारसी) की बात है। इसमें वह विवेचक (जांच) अधिकारी नहीं है। बाकी जो 176 केस में स्टॉक विटनेस की सूची सुप्रीम कोर्ट में पेश हुई, इसमें मैं एक भी केस में जांच अधिकारी नहीं हूं। यह काम जांच अधिकारी फील्ड में करता है। इन केस में कुल 37 स्वतंत्र गवाह पेश हुए। इसमें बार-बार गवाह के तौर पर सलमान कुरैशी और आमिर रंगरेज का नाम इसलिए हैं क्योंकि वह थाने के पास ही रहते हैं। उनकी बैठक वहीं चौराहे पर ही है। इन दो के अलावा भी 35 गवाह है। इन 176 केस में थाने से कुल 26 विवेचक अधिकारी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।